(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मंगलवार, 21 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 276 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

जान्हवी कपूर की बोल्ड तस्वीरें ...8



## यूपी कोरोना अपडेट : 68 जिलों में नहीं मिला कोई नया मरीज, 31 जिले हुए मुक्त



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोविड की रोकथाम के लिए जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यूपी में कोरोना संक्रमण किस कदर कमजोर पड़ चुका है इसका अंदाजा बीते 24 घंटों में हुई टेस्टिंग से सहज ही लगाया जा सकता है। विगत 24 घंटे में हुई 01 लाख 82 हजार 742 सैम्पल टेस्टिंग में मात्र 11 नए मरीज मिले। इसी अवधि में 15 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 194 रह गई है। प्रदेश के 31 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 68 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं, टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 07 करोड़ 65 लाख 27 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 599 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमण की न्यूनतम दर पर सन्तोष जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है। देश के अन्य राज्यों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में स्थिति बहुत बेहतर है। यह सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही संक्रमण को बढ़ाने का कारक बन सकती है। उत्तर प्रदेश में कोविड टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 50 फीसदी से ज्यादा लोगों को टीके की पहली डोज मिल गई है। यूपी में 18 वर्ष से अधिक आयु की कुल आबादी करीब 15 करोड़ है, इसमें से 07 करोड़ 79 लाख लोगों ने अब तक टीके की पहली डोज ले ली है, जबकि ताजा आंकड़ों के मुताबिक 01 करोड़ 68 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। बता दें कि, उत्तर प्रदेश 09 करोड़ 42 लाख से अधिक वैक्सीन लगाने वाला पहला राज्य है। सीएम ने दूसरी डोज के लिए पात्र लोगों के समय से टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। कोविड की ताजा स्थिति के अनुसार अलीगढ़, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बागपत, बलिया, बांदा, बस्ती, बहराइच, भदोही, बिजनौर, एटा, फर्रुखाबाद, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मीरजापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, सहारनपुर, शामली, श्रावस्ती और सुल्तानपुरमें कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। इन जिलों में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। औसतन हर दिन ढाई लाख से अधिक टेस्ट हो रहें हैं, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 से भी कम हो गया है और रिकवरी दर 98.7 फीसदी है।

## मायावती बोलीं— दलित समुदाय के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चुनावी हथकंडा




लखनऊ।पंजाब में दलित समुदाय से आने वाले चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को इसे चुनावी हथकंडा बताते हुये कहा कि विधानसभा चुनाव में बसपा और अकाली दल गठबंधन से कांग्रेस बहुत ज्यादा घबरायी हुई है, इसीलिये उसने ऐसा किया है। मायावती ने मीडिया से बात करते हुये कहा, ''पंजाब में दलित समुदाय के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाना चुनावी हथकंडा है, इसके सिवाये कुछ नहीं है। मीडिया के जरिये पता चला है कि पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव इनके (चन्नी के) नेतृत्व में नहीं बल्कि गैर दलित के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा, जिससे यह साफ जाहिर है कि कांग्रेस पार्टी का अभी तक दलितों पर पूरा भरोसा नहीं जमा है। किन्तु इनके इस दोहरे चाल—चरित्र व चेहरे आदि से वहां के दलित वर्ग के लोगों को सावधान रहना है। इससे यह भी स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी यहां अकाली दल व बसपा के गठबंधन से बहुत ज्यादा घबरायी हुई है। मुझे पूरा भरोसा है कि पंजाब के दलित वर्ग के लोग इनके इस हथकंडे के बहकावे में कतई नहीं आयेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इनको (कांग्रेस) व अन्य विरोधी पार्टियों को मुसीबत में ही या मजबूरी में ही दलित वर्ग के लोग याद आते हैं। बाबा साहेब आंबेडकर का ही उदाहरण लीजिये, जब अंग्रेज भारत छोड़ कर चले गये थे उस समय कांग्रेस के पास, पंडित जवाहर लाल नेहरू के पास यदि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर से ज्यादा काबिल आदमी होता तो यह किसी भी कीमत पर बाबा साहेब को भारतीय संविधान बनाने में शामिल नहीं करते।'' मायावती ने कहा कि इसी प्रकार उप्र विधानसभा चुनाव में कुछ समय बचा है और यहां भारतीय जनता पार्टी का ओबीसी समाज के प्रति उभरा नया नया प्रेम दिखावटी और हवाहवाई है। उन्होंने कहा, ''अगर यह प्रेम सार्थक होता तो इनकी केंद्र व राज्यों में सरकारें हैं तो सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी व एसटी) के बैकलॉग को भर देते। आज भी एससी एसटी का मामला हो या ओबीसी का, सरकारी नौकरियों में इनके पद अभी भी खाली पड़े हैं। गौरतलब है कि पंजाब में कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। चन्नी पंजाब में मुख्यमंत्री बनने वाले दलित समुदाय के पहले व्यक्ति हैं। बसपा और शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के आगामी विधानसभा चुनाव के लिये जून माह में गठबंधन किया था।

## कर्नाटक सरकार को धमकी देने वाले हिंदू महासभा के नेता गिरफ्तार

मंगलुरु। हिंदू महासभा (एचएमसी) के राज्य सचिव धर्मेंद्र को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और कर्नाटक की भाजपा सरकार को मैसूर में एक मंदिर तोड़े जाने को लेकर धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। धर्मेंद्र ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि अगर राज्य में मंदिरों को तोड़ना जारी रहा, तो हिंदू महा सभा बोम्मई के नेतृत्व वाली ''कमजोर'' भाजपा सरकार को नहीं बख्शेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा और राज्य की मुजराई मंत्री शशिकला जोले का नाम लेते हुए कहा था, '' हमने गांधी को नहीं बख्शा। तुम हमारे लिए कुछ नहीं हो। हम तुम्हे भी नहीं बख्शेंगे।'' उन्होंने कहा था, '' हमें उन संघ परिवार संगठनों पर दया आती है जो मंदिर तोड़े जाने के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर वे ईमानदार हैं, तो उन्हें आने वाले चुनाव में भाजपा को हराना चाहिए और हिंदुत्व की पार्टी हिंदू महासभा का समर्थन करना चाहिए।'' पुलिस सूत्रों के अनुसार, धर्मेंद्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 (बी),153 (ए), 502 (2) और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभा के नेता राजेश पवित्रन, प्रेम, संदीप समेत अन्य पदाधिकारियों से भी पूछताछ की जाएगी।

## उमा भारती का विवादित बयान, कहा— ब्यूरोक्रेसी कुछ नहीं होती, हमारी चप्पल उठाती है



पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती का विवादित बयान सामने आया है। ब्यूरोक्रेसी पर उमा भारती ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि लगातार ब्यूरोक्रेसी ठीक तरीके से काम नहीं कर रही है। ब्यूरोक्रेसी चप्पल उठाने के लिए होती है। दरअसल, एक ओबीसी का डेलीगेशन उनसे मिलने आया था और उसी दौरान तमाम तरह की बातचीत के दौरान उमा भारती ने इस तरह के विवादित बयान दिए हैं। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी कुछ नहीं होती है। चप्पल उठाने वाली होती है हमारी। हम लोग ही राजी हो जाते हैं। क्योंकि हमें समझाया जाता है कि आपका बहुत बड़ा चक्कर पड़ जाएगा। उमा भारती ने कहा कि आपको क्या लगता है कि ब्यूरोक्रेसी नेता को घुमाती है। नहीं—नहीं, अकेले में बात हो जाती है पहले और फिर ब्यूरोक्रेसी फाइल बनाकर लाती है। 11 साल केंद्र में मंत्री और मुख्यमंत्री रही हूं। पहले आपस में बैठकर हमसे बात होती है फिर फाइल प्रोगरेस होती है। वायरल वीडियो 18 सितंबर का बताया जा रहा है। उमा भारती के विवादित बयान सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सवाल किया है। कांग्रेस पार्टी ने आलोचना करते हुए कहा है कि ब्यूरोक्रेट्स के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उमा भारती को अपने शब्द वापस लेने चाहिए।

## चरणजीत सिंह चन्नी ने ली पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ, राज्य को मिला पहला दलित मुख्यमंत्री



पंजाब कांग्रेस में लंबे समय से चली आ रही तनातनी और अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद आज वरिष्ठ नेता चरणजीत सिंह चन्नी मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। उन्हें रविवार को विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया था। वह पंजाब के पहले दलित नेता हैं जो मुख्यमंत्री बनेंगे। चन्नी को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद रहे। चन्नी के अलावा सुखजिन्दर सिंह रंधावा और ओपी सोनी ने भी मंत्री के तौर पर शपथ लिया। माना जा रहा है कि दोनों को उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी जाएगी। इससे पहले रविवार को ही विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद चन्नी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और प्रदेश प्रभारी हरीश रावत ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक चरणजीत सिंह चन्नी ने अमरिंदर सिंह की कैबिनेट में तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री थें। चरणजीत सिंह चन्नी रामदासिया समुदाय (सिख दलित) से आते हैं। चमकौर से तीसरी बार विधायक रहे चन्नी 2015—2016 तक पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता रह चुके हैं। राहुल के करीबी माने जाने वाले चन्नी 2007 में पहली बार चमकौर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे।

## शिवराज का बड़ा ऐलान, कहा – प्रदेश की सरकार अब जनभागीदारी से चलेगी

भोपाल। मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार अब जनभागीदारी से चलेगी। इसका ऐलान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर्स कमिश्नर्स कान्फ्रेंस में किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड और वैक्सीनेशन में जनभागीदारी ने महती भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि इस जनभागीदारी की प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसकी सराहना की है।अब इसे मैं सरकार की कार्यप्रणाली का अंग बनाना चाहता हूं। और इसके साथ ही जनता को जोड़कर काम करो तो गति बढ़ जाती है। दरअसल इससे पहले शिवराज सिंह ने कोविड काल के समय हुए कामों के लिए और वैक्सीनेशन के कामों को लेकर अफसरों की सराहना की थी। मुख्यमंत्री ने अफसरों के साथ ही सामाजिक सस्थाओं की भी सराहना की। वहीं मुख्यमंत्री ने अफसरों को दो टूक लहजे में कहा कि मैं औचक निरीक्षण करूंगा। उन्होंने कहा कि जनदर्शन के दौरान कुछ जगह मैंने खामियां देखी हैं' ।पीएम आवास में मुझे पता चला कि अधिकारियों ने लोगों से पैसे ले लिए। मैं ऐसे लोगों को छोड़ूंगा नहीं ।आप नोट कर लीजिए। पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि 1 से 15 नवम्बर को रेवेन्यू को लेकर राजस्व अभिलेखों का शुद्धिकरण कार्यक्रम चलेगा।

## असदुद्दीन ओवैसी का ऐलान, 2022 में गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ेगी AIMIM



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दौरान ओवैसी ने बड़ा ऐलान करते हुए यह कह दिया है कि उनकी पार्टी अब गुजरात विधानसभा चुनाव लड़ेगी। आपको बता दें कि 2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव होने है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक ओवैसी ने कहा कि आने वाले वक्त में गुजरात विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी हिस्सा लेगी। यहां पर हम कई सीटों पर अपना संगठन मजबूत कर रहे हैं। कितनी सीटों पर हम चुनाव लडेंगे इसका फैसला हमारी गुजरात यूनिट करेगी। विधानसभा चुनाव हम ताकत से लडेंगे। आने वाले वक्त में गुजरात विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी हिस्सा लेगी। यहां पर हम कई सीटों पर अपना संगठन मजबूत कर रहे हैं। कितनी सीटों पर हम चुनाव लडेंगे इसका फैसला हमारी गुजरात यूनिट करेगी। कांग्रेस पर हमलाः ओवैसी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने अपनी पारंपरिक सीट अमेठी खो दी, वहां हमरा उम्मीदवार नही था। उन्होंने वायनाड जीता क्योंकि लगभग 35ः मतदाता अल्पसंख्यक हैं। वे हमें देखते ही ए टीम, बी टीम, वोट कटर के बारे में सोचते हैं। कोई बात नहीं, लोग फैसला करेंगे। यूपी और उत्तराखंड में भी लड़ेगी **AIMIM** : आपको बता दें कि असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है।

असदुद्दीन ओवैसी का दावा है कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी 100 से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगी। इसको लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। वह लगातार राज्य के दौरे पर जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में उन्होंने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। उत्तराखंड में भी असदुद्दीन ओवैसी ने 27 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं।

## आईआईएमसी ने जारी की पहली मेरिट लिस्ट, 24 सितंबर तक जमा करानी होगी फीस और प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में आठ पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। विद्यार्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **www.iimc.gov.in** पर जाकर मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों द्वारा प्रथम सेमेस्टर की फीस और आवश्यक प्रमाण पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 24 सितंबर है। आईआईएमसी के 6 परिसरों में संचालित होने वाले 8 पाठ्यक्रमों की 476 सीटों के लिए 29 अगस्त को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। ये परिसर नई दिल्ली, ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू में हैं। आईआईएमसी हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, रेडियो एवं टेलीविजन, ओड़िया, मराठी, मलयालम और उर्दू पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस वर्ष 5,345 विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किया था। इनमें से 4,599 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे। संस्थान द्वारा परीक्षा परिणाम 10 सितंबर को घोषित किया गया था। पहली मेरिट लिस्ट में 464 विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं।

## आगामी चुनावों में मुफ्त बिजली होगा बड़ा मुद्दा, आप के वादे के बाद सियासी दलों में बेचैनी




अगले 6 महीने में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित है। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा शामिल है। इन राज्यों में अब मुफ्त बिजली एक बड़ा मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है और इसकी वजह दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी है। आम आदमी पार्टी ने मणिपुर छोड़कर बाकी राज्यों में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इस ऐलान के साथ ही दिल्ली में अपने इस चुनाव जीत फार्मूले को इन राज्यों में भी आम आदमी पार्टी लगातार घोषणा कर रही है। चुनावी राज्यों में पार्टी की ओर से 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वायदा किया जा रहा है। पार्टी की ओर से अब तक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में यह ऐलान किया जा चुका है। जिसके बाद माना जा रहा है कि अन्य दलों के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा ऐलान किए गए मुफ्त बिजली के वादे को काउंटर करना मुश्किल साबित हो रहा है। हालांकि उन पार्टियों के लिए राहत की बात है जो सरकार में नहीं हैं। लेकिन जो पार्टियां सरकार में हैं उनके लिए मुफ्त बिजली एक बड़ा मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि विधानसभा चुनाव में मुफ्त वाला ऐलान हमेशा पार्टियों के लिए प्रभावी और कारगर साबित होता रहा है। उत्तराखंडः आम आदमी पार्टी की ओर से उत्तराखंड में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया जा चुका है। इसके काट के लिए भाजपा शासित इस राज्य की सरकार को आनन—फानन में मुफ्त बिजली देने का वादा करना पड़ गया। उत्तराखंड सरकार ने राज्य में 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 100 से 200 यूनिट तक खर्च करने वाले परिवारों को 50 प्रतिशत छूट देने का वादा कर दिया। कांग्रेस के हरीश रावत ने भी यह ऐलान कर दिया है कि राज्य में पार्टी की सरकार बनते ही 100 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी और 1 साल बाद इसे 200 यूनिट कर दिया जाएगा। पंजाबः पंजाब में भी आम आदमी पार्टी ने सभी परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा कर दिया है। आम आदमी पार्टी पंजाब में मजबूती से आगे बढ़ रही है। 2017 के चुनाव में भी पार्टी ने पंजाब में अच्छा प्रदर्शन किया था।

कांग्रेस में जारी उथल—पुथल के बीच आम आदमी पार्टी को पंजाब में इस बार सत्ता का सबसे बड़ा दावेदार बताया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के इस ऐलान के काट के तौर पर पंजाब के नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसानों के पानी और बिजली के बिल माफ करेंगे। उत्तर प्रदेश और गोवाः उत्तर प्रदेश और गोवा में भी आम आदमी पार्टी की ओर से 300 मिनट में बिजली दिए जाने का वादा किया गया है। उत्तर प्रदेश में तो इस ऐलान के साथ ही खलबली मचनी शुरू हो गई। योगी सरकार ने अपना रिपोर्ट कार्ड तक जारी कर दिया। आप के ऐलान पर अखिलेश यादव ने कहा कि जितना काम बिजली के लिए उनकी सरकार में हुआ, उतना किसी ने नहीं किया। जब वो सरकार में आएंगे तो गरीबों को, किसान को व्यापारी को सभी को बेहतर बिजली मिलेगी। दूसरी ओर गोवा के मुख्यमंत्री ने इस पर कहा कि यहां के लोग बहुत स्मार्ट है और वह इस झांसे में नहीं आएंगे। लेकिन उनकी प्रतिक्रिया यह बताने में काफी है कि इस ऐलान के बाद राज्य में चुनाव पर इसका क्या फर्क पड़ सकता है।



# जनपद के प्रभारी मंत्री ने प्रदेश सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर प्रस्तुत किया रिपोर्ट कार्ड

गोण्डा। प्रदेश सरकार के कार्यकाल के स्वर्णिम साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री श्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने जनपद पहुचकर सरकार द्वारा प्रदेश व जनपद में कराए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणारी योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार के चार साल छः माह पूर्ण हो रहे हैं। इन साढ़े चार वर्षों में सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है और तमाम विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। हमारी सरकार ने सड़क, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, स्वच्छता, रोजगार सृजन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य करते हुए विकास का नया आयाम स्थापित किया है। अब हमारा प्रदेश बीमारू प्रदेश नहीं बल्कि विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया तबाह हो रही थी उस समय माननीय मुख्यमंत्री जी के कोविड प्रबन्धन की प्रशंसा पूरे विश्व में हुई है और उ0प्र0 दुनिया का सबसे अधिक कोविड वैक्सीनेशन कराने वाला राज्य बन सका है। उन्होंने कहा कि कोविड संकट के दौरान हामरी सरकार ने किसी भी व्यक्ति को भूखे नहीं मरने दिया।

जनपद गोण्डा के चहुंमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इन साढ़े चार साल में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद में 50 हजार से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। 2 लाख 41 हजार लोगो का गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है। कार्ड धारकों ने गोल्डन कार्ड के माध्यम से लगभग 11 करोड़ रूपया का मुफ्त इलाज कराया है। जनपद के पांच वनटांगिया गावों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए आवास, शौचालय, पेंशन, बिजली सहित सभी योजनाओं से अच्छादित किया गया। जनपद में 1530 कि0मी0 कुल लम्बाई की 402 सड़कों का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में जिले में 321 कि0मी0 सड़क का निर्माण चल रहा है। जनपद में 22 पुलों का निर्माण लंक्षित है। जिसमें से 04 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा गढ्ढा मुक्त योजना के तहत लगभग 2 हजार कि0मी0 कुल लम्बाई की सड़कों को गढ्ढा मुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि 19859 लाख की लागत से मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा से कार्य कराया जा रहा है। इसी प्रकार सौभाग्य योजना के तहत लगभग 4 लाख उपभोक्ताओं के घर–घर विद्युत कनेक्शन दिया गया है तथा 05 अद्द 33ध्11 केवी और 02 अद्द 132 केवी विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कराया गया। लोगों को शुद्व पेयजल मुहैया कराये जाने के लिए 165 पेयजल परियोजना संचालित है एवं स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत जनपद में अब तक 5 लाख 6 सौ 28 शौचालय का निर्माण कराया गया। गरीबों को रहने के लिए सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण व शहरी) के तहत जिले के 41 हजार 852 व 4 हजार 773 लाभार्थियों को आवास योजना का लाभ दिया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत अब तक 2266 आवास दिये गये है।

खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 6 लाख 4 हजार राशन कार्ड धारकों को कोविड महामारी के दौरान नि शुल्क खाद्यान्न मुहैया कराया गया एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अभी भी कार्डधारकों को अतिरिक्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। श्रमिकों के उत्थान के लिए जनपद में 1 लाख पांच हजार श्रमिको का पंजीकरण किया गया है। कौशल विकास मिशन के तहत विगत साढ़े चार वर्षों में 5 हजार 809 लोगो को प्रशिक्षण दिया गया है। एक हजार 505 प्रशिक्षित लोगो को रोजगार मुहैया कराया गया। उन्होंने विगत साढ़े चार वर्षो में एक करोड़ 50 लाख पौधों का रोपण किया गया। प्रधानमंत्री राजेगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वः रोजगार कार्यक्रम तथा ओ0डी0 ओ0पी0 के तहत जनपद में 415 लोगो को उद्यम स्थापना हेतु ऋण मुहैया कराया गया। 27 हजार 129 पात्र श्रमिकों के खाते में 33 करोड़ 25 लाख 56 हजार रूपये की धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से भेजी गयी है। वृद्वावस्था पेंशन योजना के तहत 1 लाख 26 हजार 414 वृद्वजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत 1 हजार 183 गरीब कन्याओं के हाथ पीले कराने हेतु विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। 225 जोड़ो का विवाह जल्द ही कराया जायेगा। उज्जवला योजना के तहत 2 लाख 66 हजार 518 लोगों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया। जनपद में जन धन योजना के तहत अब तक 10 लाख 93 हजार 809 लोगों के खाते खुलवाए गये। कोरोना महामारी के दौरान उ0प्रदेश सरकार द्वारा किए प्रभावी कार्यों की प्रशंसा विश्व पटल पर हुई है। अकेले गोण्डा में अब तक 16 लाख 28 हजार लोगो को कोविड का टीकाकरण कराया जा चुका है। जिसमें 13 लाख 65 हजार लोगों को प्रथम डोज व 2 लाख 63 हजार लोगों को द्वितीय डोज का टीकाकरण हो चुका है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मेडिकल कालेज का निर्माण शुरू हो गया है। जिला अस्पताल में कोविड 160 बेड का बेन्टीलेटर युक्त हास्पिटल क्रियाशील है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर उपलब्ध कराये गये है। जिला अस्पताल, महिला अस्पताल व सीएचसी काजीदेवर में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित कराया गया है। कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बच्चों को बचाने के लिए जिला अस्पताल में पिकोवार्ड तैयार है।

सरकारी स्कूलों की सूरत बदलने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशन में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1 हजार 116 विद्यालयों का मरम्मत व निर्माण कार्य, 2 हजार 472 विद्यालयों में विद्युत संयोजन, 331 विद्यालयों में समरसेबुल पम्प तथा 864 विद्यालयों में रनिंग वाटर की व्यवस्था करायी गयी। रोजगार सृजन एवं स्वावलंबन के अंतर्गत जिले में अब तक 5 हजार 586 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। प्रशिक्षण के साथ–साथ रोजगार कार्य प्रारम्भ करने के लिए रिवालविंग फंड मुहैया कराया गया है। निर्माण कार्यों का ब्यौरा देते हुए उन्होंने कहा कि 5 करोड़ से अधिक अन्य निर्माण कार्य, वर्तमान वित्तीय वर्ष में 5 करोड़ से अधिक की 14 परियोजनायें निर्माणाधीन है। जिसकी स्वीकृत लागत 586.607 करोड़ध है। सांसद निधि गोण्डा के अन्तर्गत 1449.123 लाख की लागत से 216 निर्माण कार्य कराये गये है तथा सांसद निधि कैसरगंज के अन्तर्गत 1630.889 लाख की लागत से 144 निर्माण कार्य कराये गये है। इसी प्रकार विधायक निधियों से माननीय विधायकों के सहयोग से विधायक निधि मेहनौन के अन्तर्गत 788.57900 लाख की लागत से 88 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, सी0सी0, ऑक्सीजन प्लांट, विद्यालय आदि में कराये गये है, विधायक निधि गोण्डा के अन्तर्गत 552.70500 लाख की लागत से 57 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, सी0सी0, ऑक्सीजन प्लांट, विद्यालय आदि में कराये गये है, विधायक निधि कटरा बाजार के अन्तर्गत 573.74000 लाख की लागत से 81 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, सी0सी0, ऑक्सीजन प्लांट, विद्यालय आदि में कराये गये है, विधायक निधि कर्नलगंज के अन्तर्गत 586.20100 लाख की लागत से 114 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग, सी0सी0, ऑक्सीजन प्लांट, एम्बुलेंस, विद्यालय आदि में कराये गये है।, विधायक निधि तरबगंज के अन्तर्गत 746.09600 लाख की लागत से 84 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खडंजा, इंटरलॉकिंग, सी0सी0, ऑक्सीजन प्लांट, विद्यालय आदि में कराये गये हैं, विधायक निधि मनकापुर के अन्तर्गत 729.96300 लाख की लागत से 55 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खडंजा, इण्टरलॉकिंग, सी0सी0, आक्सीजन प्लांट, विद्यालय आदि में कराये गये है, विधायक निधि गौरा के अन्तर्गत 594.18300 लाख की लागत से 105 निर्माण कार्य पुलिया, नाला, खडंजा, इण्टरलॉकिंग, सी0सी0, लेपन कार्य, आक्सीजन प्लांट आदि में कराये गये है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जनपद वासियों को मत्स्य पालन योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, आई0सी0डी0एस0 योजना, अटल आवासीय विद्यालय, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, दिव्यांग भरण–पोषण योजना, छात्रवृत्त योजना, परिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जनधन योजना, अंत्येष्टि विकास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार योजना, उज्जवला योजना, त्वरित आर्थिक विकास योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित तमाम जन कल्याणकारी एवं विकास परक योजना में जनपद में संचालित है। प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के जिले में चौमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भी मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने का कार्य किया जाता रहेगा। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र, जनपद प्रभारीध्एमएलसी अवनीश सिंह, विधायक कटरा बावन सिंह, सदर प्रतीक भूषण सिंह, मेहनौन विनय द्विवेदी, तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय, गौरा प्रभात वर्मा, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप बमबम, पूर्व अध्यक्ष सूर्य नरायन तिवारी, डीएम मार्कण्डेय शाही, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीडीओ शशांक त्रिपाठी, संजीव सिंह, दीपक अग्रवाल, राजेश चन्दानी सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## डेंगू के तीन मरीज मिलने से खलबली

जौनपुर। बदलापुर अस्पताल में जांच दौरान डेंगू के तीन पॉजिटिव मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया,तीनो डेंगू के मरीज अलग अलग क्षेत्र के बताए जा रहे है। बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे जांच के दौरान बदलापुर के एक 45 वर्षीय महिला की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई,और महराजगंज ब्लाक के ढ़ेमा और पहाड़पुर लोहिंदा गांव में एक एक ब्यक्ति की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई है,सभी डेंगू पॉजिटिव मरीज अपनी अपनी सुविधानुसार निजी हॉस्पिटल मे भर्ती है, गांवों में डेंगू संक्रमित पाए जाने पर स्वास्थ विभाग की टीम ने डेंगू मरीज के घर पहुंचकर उनके परिजनों का सैंम्पल लेकर डेंगू और मलेरिया जांच के लिए लैब में भेज दिया।

## कच्चा मकान धराशाई, हादसा टला

जौनपुर। जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नरहरपुर में 2 दिन से लगातार बरसात होने की वजह से ब्रह्मदेई पत्नी तेज बहादुर व रीता पत्नी आनंद का कच्चा मकान पूरी तरह ढह गया और संयोग से हादसा टल गया। सुबह में जब मकान के अंदर मिट्टी गिरने की आवाज आई जिसमें ब्रह्मदेव और रीता अपने बच्चों के साथ मकान के अंदर सोई थी। मकान गिरने को आहट पर किसी तरह अपनी और अपने बच्चों की जान बचा कर बाहर निकली तब तक मकान पूरी तरह गिर गया। जिसमें खाद्य सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गया है ग्राम प्रधान मेवा लाल यादव ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए खाद्यान्न व आवास उपलब्ध कराने की मांग किया है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का स्वागत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्षध्तहसील व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने केराकत चौराहे पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात पद यात्रा करते हुए सपा कार्यालय पहुंचकर उनकी बातो को सुना,सपा सरकार की योजनाओं एवं कार्यों से लोगो को रूबरू कराया। इन सभी कार्यक्रमों के बाद अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त के आवास पर एक प्रेस वार्ता हुई,जिसमें सपा सरकार द्वारा व्यापारियों को क्या क्या लाभ प्राप्त हुआ और सरकार बनने के बाद क्या लाभ प्राप्त होगा इस संबंध में चर्चा हुई। श्री कंछल को केराकत सभा के पश्चात जनपद में और भी जगहों पर सभाएं करने हेतु रवानगी लेनी हुई। पूर्व सांसद तूफानी सरोज, विधानसभा अध्य्य नीरज पहलवान,आरिफ हबीब रमाशंकर यादव,सुनील मैनेजर,बबलू खान,ऋषि निषाद, अब्दुल हक अंसारी, फिरोज अंसारी,अरुण कमलापुरी,केराकत व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्सभासद मनोज जायसवाल ,महामंत्री संतोष साहू,आलोक कमलापुरी,जितेंद्र कमलापुरी,सत्यनारायण चौहान,गंगा प्रसाद साहू,इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

## महिला सहित नौ लोग गिरफ्तार

जौनपुर। अपराध की रोकथाम तथा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के के तहत सरपतहां थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय द्वारा एक महिला समेत नौ वारण्टी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार वारण्टियों में थाना क्षेत्र के अरसिया गांव निवासी तेज बहादुर यादव पुत्र अभय राज तथा बुमकहां निवासिनी परमिला देवी पत्नी मंजूराम व सरायमोहिउद्दीनपुर निवासी चनई पुत्र श्रीराम,कमला प्रसाद पुत्र राम अधार,जंगीपुर निवासी राम केवल बिन्द पुत्र सरजू बिन्द,कम्मरपुर निवासी नन्हकू पुत्र भोला व पलिया निवासी राम निशानी ,राम नरायन पुत्रगण लौटन तथा राजेश पुत्र राम नरायन हैं।

## सड़क हादसे में दो युवक गंभीर

जौनपुर। मछलीशहर से जंघई मार्ग पर ताज्जुद्दीनपुर नहर की पुलिया के समीप बाइक और साइकिल सवार के बीच हुयी जोरदार भिडन्त मे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। क्षेत्र के मारूफपुर गाँव निवासी निवासी 29 वर्शीय अजय कुमार पुत्र मिठाई लाल देर सायंकाल मछलीशहर घर वापस जा रहे थे। उक्त नहर की पुलिया के निकट उन्होंने ज्योही साइकिल मोडी सामने से आ रहे बाइक से जोरदार भिडन्त हो गयी। जिसमें बाइक सवार 30 वर्शीय राकेश यादव पुत्र सितइराम निवासी ग्राम उमापुर भी गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को एम्बुलेस से स्थानीय सीएचसी लाया गया जहाँ से साइकिल सवार अजय कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## राहुल गांधी जनेऊ एक्सीडेंटल हिंदू है सिद्धार्थ नाथ सिंह

### साढ़े 4 साल की उपलब्धियों को गिनाने पहुंचे प्रदेश के श्रम उद्योग रेशम मंत्री

गोंडा।आज साढ़े 4 साल की उपलब्धियों को गिनाने पहुंचे प्रदेश के श्रम उद्योग रेशम मंत्री एवं गोंडा के प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने जिला पंचायत के सभागार में मंत्री व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा चुनाव के दौरान कोरोना संक्रमण से दिवंगत 36 कर्मियों के परिजनों को 30–30 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि देने के साथ ही उनके विभिन्न देयकों के साथ ही उनके वैधानिक वारिसान को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान पत्रकारों के सवाल पर की राहुल गांधी ने कहा है कि राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस की जरूरत नहीं पड़ती यदि जनता के लिए काम करते मित्र के लिये नहीं, इस पर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा यदि पिछली सरकारे बेरोजगारों को रोजगार दे देती तो हमें रोजगार नहीं देना पड़ता, उनका जो एक पार्टी सर्टिफिकेट है और उदाहरण है। वह आपके सामने रख दिया, वह ट्विटर से बाहर निकले और हम से बहस करना चाहे तो बहस के लिये तैयार हूं।पत्रकारों के सवालों पर कि अखिलेश के अब्बा जान वैक्सीन लगवा चुके हैं उनका कहना है इसमें पीएम का फोटो नहीं तिरंगा लगना चाहिए ,इस पर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि पीएम किसी पार्टी का नहीं होता देश का होता है इतना तो उनको समझ में आना चाहिए, इसकी इनकी जो नासमझी है इसीलिए वह उर्दू के शब्द को गलत समझने लगे अंग्रेजी का शब्द डैडी पसंद करने लगे हैं। वही पत्रकारों के सवाल पर कि गोंडा में किसानों के गन्ना का भुगतान नहीं हो रहा है इसपर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि हम गन्ना भुगतान के लिए 144000 करोड़ दे चुके हैं ,बजाज चीनी मिल के डायरेक्टर के विरुद्ध मुकदमा भी लिखा चुके है लेकिन दूसरे मिल पैसा दे रहे हैं। पत्रकारों ने कहा कि अखिलेश का कहना है कि भाजपा ठगड़ा विकास,ठगड़ा कार्य ठगड़ा प्रयास कर रही है जिसका जवाब देते हुए सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि हमारा कार्यकाल में बहुत विकास हुआ केवल उनका और उनके पार्टी का विकास नहीं हुआ है। पत्रकारों के सवाल पर कि योगी ने राहुल पर तंज कसा है कि वो एक्सीडेंटल हिंदू है इसपर मंत्री ने कहा कि जो नेता श्रद्धालुओ को नकारे वह एक्सीडेंटल हिंदू है जो हिंदू समाज के श्रद्धालुओं को निगलेट किया है आज जो देख देख कर माथा टेक रहे हैं वह एक्सीडेंटल हिंदू है अब तो आम आदमी पार्टी भी अयोध्या में जाकर माथा टेक रही है, सभी ऐसे माथा टेकने वाले एक्सीडेंटल हिंदू हैं वो राहुल गांधी पर तंज कसा कि राहुल गांधी तो जनेऊ धारी एक्सीडेंटल हिंदू है।कार्यक्रम में विधायक प्रेम नारायण पांडे विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह विधायक विनय कुमार द्विवेदी विधायक प्रभात वर्मा,बावन सिंह एवं अन्य भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज के लिए जलाने के प्रयास में विफल गर्म चाकू से बदन पर जलाया

गोंडा। एक नवविवाहिता को दहेज के लिए उसके पति व सास, ससुर द्वारा प्रताड़ित करने के साथ–साथ उसे जलाने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही उसका विरोध करने पर उसे गर्म चाकू से उसके बदन पर जलाया गया। पीड़िता लगातार पुलिस के चक्कर काट रही है। मगर उसकी एफआईआर नहीं दर्ज हो रही है। यही नहीं ससुराली जनों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। अब वह अपने मायके में रह कर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रही है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम गौरवा खुर्द निवासी धनीराम का आरोप है कि उसने अपनी बेटी राधा देवी का विवाह तीन वर्ष पहले थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र के ग्राम जफरापुर के मजरा बरइन पुरवा निवासी सुनील कुमार के साथ किया था। शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा और घर से निकाला गया। कई बार पंचायतन उसे ससुराल भेजा गया। उसके बावजूद सुनील उसे धमकी देता रहा कि हमारा घर व प्लाट दिल्ली में और उमरी बेगमगंज में है। अगर मेरी शादी दूसरी जगह होती तो मुझे चार पहिया कार मिलती। तुम अपने पिता से कार या फिर दो लाख रुपये मंगवा कर दो तभी रहने देंगे। इसी बात को लेकर 9 सितंबर को उसे मारा पीटा गया। जिसकी शिकायत उसकी बेटी ने उमरी बेगमगंज थाने में किया। जिस पर पुलिस ने धारा 323, 504 के तहत एनसीआर दर्ज कर लिया और समझा–बुझाकर उसे फिर ससुराल भेज दिया। जहां उसके पति, सास व ससुर ने रात में उसके हाथ पैर बांधकर जलाने का प्रयास किया। जिसका विरोध करने व शोर मचाने पर उसे गर्म चाकू से उसके शरीर को जलाया गया और घर से भगा दिया गया। वह किसी तरह अपने भाई को फोन करके बुलाकर अपने मायके चली गई है। धनीराम का कहना है कि उसकी बेटी ने उमरी बेगमगंज थाने में तहरीर दिया मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, उसके बाद पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया है जिस पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उधर थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज का कहना है कि मामले में एक बार एनसीआर दर्ज की जा चुकी है और महिला को उसके मायके भेज दिया गया था। दोनों पक्षों को बुलाकर मामले को हल कराया जा रहा है।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ गोण्डा की बैठक सम्पन्न

गोंडा पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठकद्वारा बैठक कम्पोजिट विद्यालय महराजगंज में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूलशिक्षक संघकेप्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवीपाटन मण्डल अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सेवानिवृत शिक्षक सम्बन्धी भुगतान, और लेखा पर्ची दिलाने के बारे में बात कही। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के पश्चात बन्द पड़े जूनियर हाईस्कूल व अध्यापक विहीन विद्यालयों को पदोन्नति से भरने हेतु वरिष्ठता सूची बनाये जाने की मांग की।

कार्यालय स्तर पर लंबित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चयन वेतनमान,कोविड19मे मृतक शिक्षकध्कर्मचारियों की शीघ्र नियुक्ति व देयकों की शीघ्र भुगतान व जनपद के अंदर स्थानांतरण ,समायोजन पर चर्चा की।

महामंत्री अजीत तिवारी ने संगठन के विस्तार हेतु सदस्यता शुल्क पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी शिक्षकों को एकजुट होकर रहना होगा।

जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने मांग की मानव संपदा पोर्टल पर बाल्य देखभाल, चिकित्सीय अवकाश से संबंधित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण हेतु पर चर्चा की।

बैठक को तोताराम पाण्डेय,देव प्रकाश ,जनार्दन प्रसाद पाण्डेय सालिक राम वर्मा, संतोष पाण्डेय ,अमरेंद्र प्रताप सिंह,सुशील मिश्र शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के मण्डल अध्यक्ष उमेश प्रताप मिश्र आदि ने सम्बोधित किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह , रवि तिवारी,आनन्द मिश्र, विमलेश बहादुर सिंह अरविंद सिंह ,बृजेन्द्र सिंह,सुशील कुमार,अजय शुक्ल,दिनेश सिंह, चंद्र किशोर वर्मा,आदि लोग उपस्थित रहे।

## रवि श्रीवास्तव कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत

जौनपुर।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित कायस्थ महासभा आपके द्वार कार्यक्रम मेंमहासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इंद्रसेन श्रीवास्तव मुन्ना के पॉलिटेक्निक आवास पर संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने व संचालन महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इन श्रीवास्तव ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री व कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 मुकेश श्रीवास्तव ने ओलंदगंज होटल प्रतीक निवासी रवि श्रीवास्तव महासभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है जिस पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया करते हुए रवि श्रीवास्तव का माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने डॉ0 संजय श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष, सचिन श्रीवास्तव पिंकू को जिला सचिव आशीष कुमार श्रीवास्तव एनसीपी जिला अध्यक्ष को जिला सचिव व राकेश श्रीवास्तव चुन्नू पुरानी बाजार को जिला सचिव मनोनीत किया है लोगों ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किय। प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रशेन श्रीवास्तव मुन्ना व जिला अध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव ने आशा व्यक्त किया है कि यह लोग महासभा को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे इन लोगों के महासभा से जुड़ने पर जौनपुर में महासभा और मजबूत होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव , प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव ,प्रान्तीय सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव एडवोकेट , बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव , दयाल शरण श्रीवास्तव , पंकज श्रीवास्तव हैप्पी मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव जिला संगठन सचिव दीपक श्रीवास्तव विश्व प्रकाश श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव महिला जिला अध्यक्ष डॉ0 प्रतिमा श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव शरद चंद श्रीवास्तव हरिश्चंद्र श्रीवास्तव आशीष कुमार श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव,अनीश श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## 72 महिला कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

जौनपुर। भाजपा जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर महिला मोर्चा की ओर से जिले की 72 महिला कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री काशी क्षेत्र बबिता तिवारी, विशिष्ट अतिथि अपराजिता सोनकर और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से नौ करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर देने का काम किया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का लाभ हमारी देश के महिलाओं को मिल रहा है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से केन्द्र के मोदी सरकार की कई योजनाएं संचालित हो रही है, सम्मानित होने वाली महिलाओ में प्रियंका श्रीवास्तव, उषा सिंह, निधि सिंह, नीलम सिंह, सिप्रा सिंह, अनुपमा साहू, सिमरन सिंह, सोनिया सिंह, पूजा सिंह, रेखा गुप्ता, रीता बजाज, रत्ना गुप्ता, सविता गुप्ता, दीक्षा सिंह, जान्हवी सिंह, बंदना राय, पूर्णिमा पाठक, अनुराधा श्रीवास्तव, जया तिवारी, सुनीता दुबे, प्रियंका सिंह, डॉ वंदना शुक्ला, अंशु सोनी, रेनू सिंह, दीक्षा मिश्रा, किरण मिश्रा, अभिलाषा श्रीवास्तव, रीता कश्यप, सुमन मौर्य, पिंकी मौर्या, साधना सिंह, कंचन सिंह, राधिका सिंह, ललिता मिश्रा, आरती यादव, प्रियंका उपाध्याय, चांदनी राय, निशा निषाद, सीमा साहू, सुमन मिश्रा, शिवांगी यादव, कालिंदी मिश्रा, प्रेमशिला, डॉ माधुरी श्रीवास्तव, नीतू सिंह, नेहा सिंह, महिला थाना के सावित्री, नीतम शुक्ला, रीना सिंह, गोल्डी प्रतिमा, प्रियंका यादव, रीना राय, किरण लता, रूबी सिंह, कंचन सिंह, अर्चना सिंह, आकांक्षा यादव, कनक शर्मा, डॉक्टर श्रद्धा सिंह, निकिता शाह, अनीता सेठ, अर्चना मौर्य, राजलक्ष्मी, अक्सीर फात्मा, डॉ झांसी मिश्रा, जया सिंह, प्रज्ञा राय, मनोरमा सिंह, पूजा श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, मंजू लता वर्मा आदि को सम्मानित की गई।

# 23 सितम्बर को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान करेगें केन्द्रीय विद्यालय का उद्घाटनः सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। केन्द्रीय विद्यालय, सिद्धार्थनगर का उद्घाटन भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान 23 सितम्बर 2021 को करेगें। जिसको लेकर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा गोविन्द माधव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के साथ लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता कर बताया गया। डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान बताया कि भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का सम्भावित कार्यक्रम दिनांक 23 सितम्बर 2021 को प्रातः 10:00 बजे केन्द्रीय विद्यालय का उद्घाटन किया जायेगा। इसके पश्चात मधुबेनिया में प्राथमिक विद्यालय जायेंगे, स्कूल में केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा घर से लाये हुये टिफिन और प्राथमिक विद्यालय के मिड डे मील में बने भोजन को केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चे आपस में टिफिन साझा किया जायेगा। इसके पश्चात बी0एस0ए0 ग्राउन्ड में जनसभा को सम्बोधित किया जायेगा। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने केन्द्रीय विद्यालय के उद्घाटन की तैयारियों के बारे में विन्दुवार समीक्षा बैठक भी की गयी। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय रवीन्द्र प्रताप सिंह को निर्देश दिया कि केमेस्ट्री लैब की आवश्यक सामग्री, लाइब्रेरी, फर्नीचर अच्छी क्वालिटी की आपूर्ति केन्द्रीय विद्यालय में सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने निर्माण एजेंसी के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालय भवन निर्माण कार्य में गेट नम्बर 2 का सी0सी0 रोड अपूर्ण है उसे पूर्ण कराने, विद्यालय कर चहारदीवारी की एक कोट पेन्टिंग, साफ–सफाई, विद्यालय परिसर में जो छोटे–छोटे गड्ढे हैं उसमें मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग, परियोजना निदेशक डीआरडीए सन्त कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, अधि0 अभि0 पी0डब्ल्यू0डी0, निर्माण एजेंसी के अधि0 अभि0 व अन्य उपस्थित रहे।





मधुबेनिया में प्राथमिक विद्यालय स्कूल में केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा घर से लाये हुये टिफिन और प्राथमिक विद्यालय के मिड डे मील में बने भोजन को केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चे आपस में टिफिन साझा किया जायेगा। जिससे सभी में समानता का अनुभव हो सभी पौष्टिक अहार को ले सके।

**जिलाधिकारी दीपक मीणा**



# समाज में विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरीः राघवेंद्र प्रताप सिंह

## आयोजित जनसुनवाई चौपाल मे स्वांय सहायता समूह के महिलाओं को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। सोमवार को भनवापुर ब्लाक सभागार



में विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह के उपस्थित में जन सुनवाई चौपाल का आयोजन किया गया जिसमेँ स्वंय सहायता समूह के उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र व प्रणांम पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि समाज में विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी जरूरी है।किसी भी मामले में महिलाएँ पुरुषों से पीछे नही है।सरकार द्वारा स्यंव सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में स्वंय सहायता समूह के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए तीस महिलाओं को विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अंग वस्त्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षंण का शुभारंभ भी विधायक डुमरियागंज ने प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष अरविंद उर्फ लालजी शुक्ला को किट देकर किया। लालजी शुक्ला ने कहा कि ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यो के लिए उसके बारे में जानकारी जरूरी है, इसे देखते हुए सरकार द्वारा सभी नव निर्वाचित प्रधानों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। अंत मे सभी ग्राम प्रधानों से प्रसिक्षंण में उपस्थित होने की अपील की। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह, कुंवर मिश्रा, चंद्रभान चौधरी, मंटू गुप्ता, बृजनंदन शुक्ला, भीम चौधरी संगीता मिश्रा, गुड़िया देवी, मोनिका गौड़ सुमन सिंह, बंदना पाठक, माया वर्मा, आदि मौजूद रहे।

# किसान पाठशाला में कम लागत अधिक आय के बताए गुर

## ब्लाक क्षेत्र के सेमरा बनकसिया, कलीचक में आयोजित हुआ किसान पाठशाला

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। सोमवार को ब्लाक क्षेत्र के सेमरा



बनकसिया व कलीचक में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमे कृषि विभाग के विषेशज्ञों द्वारा उपस्थित किसानों को कम लागत में अधिक आय से संबंधित जानकारी दी गयी। तकनीकि सहायक महेश कुमार चौधरी ने खरीफ फसल प्रबंधन में उर्वरक एवं जल प्रबंधन, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट के साथ पराली प्रबंधन की जानकारी विस्तृत रूप से दी।अन्य योजना जैसे उद्यान, पशुपालन, गन्ना, आदि योजनाओं के साथ किसान सम्मान निधी के बारे में बताते हुए कहा कि जिन किसानों का पैसा नही आ रहा है वे अपना संसोधन आधार कार्ड या अन्य समस्याओं का समाधान कृषि उपसंभाग बेनीनगर सम्पर्क कर सकते है। इसीक्रम मे भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के जिगिनना हबीबपुर, लोहरौला, दुफेड़िया, असनहरा माफी रोहांव बुजुर्ग, देवीपुर, तेनुई, में भी किसान पाठशाला आयोजित कर किसानो को जानकारी दी गयी,इस दौरान, राजकुमार, सुजीत यादव, विष्णु प्रताप सिंह, बजरंगबली, धर्मेंद्र, ज्ञानेंद्र भारती, विद्यासागर चौधरी, रामकपिल शुक्ल, नंदलाल शुक्ला, मुल्हुरा देवी, मंजू सुनरपाती आदि उपस्थित रहे।

# सांसद ने स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का किया शुभारंभ

## .आरोग्य मेले से गरीब परिवार का होगा इलाजः डा संदीप चौधरी

सिद्धार्थनगर। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटवा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारंभ सांसद जगदम्बिका पाल ने रविवार को फीता काट कर किया। सांसद ने कहा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित कराने में 'मुख्यमंत्री आरोग्य मेले' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान में कोरोना नियंत्रित स्थिति में है। आरोग्य मेला फिर से शुरू किया जा रहा है। जिसमे 80 लोगो का कोरोना रोधी टीकाकरण हुआ। उन्होंने कहा कि डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों के मरीजों की पहचान करने के लिए घर–घर सर्वेक्षण किया जाए। यदि कहीं लक्षणों के आधार पर संदिग्ध मरीज मिलता है तो उसे बुखार व दस्त की दवा दी जाए। जरूरत पड़ने पर उसे अस्पताल भी भेजा जाए। अस्पतालों में बेड व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए। ऐसे अंत्योदय कार्डधारक परिवार जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी में भी आच्छादित नहीं हैं। उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल किया जाए। सीएमसो डा संदीप चौधरी ने कहा कि आरोग्य मेले से गरीब परिवार का इलाज होगा। जनपद में जितने भी उप केंद्र हैं सभी केंद्रों पर आयोजन किया जाएगा। जहा सभी का इलाज होगा। बर्डपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. सुबोध चंद्रा, न्यू पीएचसी बनकटवा के प्रभारी, डॉ. विजय प्रताप यादव, बीपीएम सूरज चौहान, फार्मासिस्ट राजेन्द्र चौधरी, जिला पंचायत सदस्य शब्लू साहनी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र पांडेय, दिलीप चतुर्वेदी, दुर्गा राय, श्रीश चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सईद, प्रमुख प्रतिनिधि चंदमोहन चौधरी, असफाक, इरफान, मोहन चौधरी, अनुरुद्ध विश्वकर्मा, अभिषेक कसौधन, सतीश जायसवाल, राजकुमार, आंगनबाड़ी सुमन श्रीवास्तव, प्रतिमा, माया, समता, संजना, आशा संगनी सुशीला जायसवाल, विजय लक्ष्मी, ऊषा, अनुपमा, प्रभा मिश्रा, विद्यावती, कुसुम, मेवा आदि सहित क्षेत्र की आशा व आंगनबाड़ी, क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।





# गोला विकासखंड में दूसरे चरण के किसान पाठशाला का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। शासन के निर्देश पर दूसरे चरण की किसान पाठशाला का आयोजन गोला विकासखंड की नौ न्याय पंचायतों के नौ राजस्व ग्रामों में किया गया प्रथम चरण में दिनांक 14 –15 सितंबर को था द्वितीय चरण में 20–21 सितंबर को यह आयोजन पूरे प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों पर दोपहर 2.30 से 5.30 तक किया जा रहा है मास्टर ट्रेनर अखिलेश पांडे द्वारा भर्रोह न्याय पंचायत के ग्राम भर्रोह में क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार सिंह कि अध्यक्षता में किसान पाठशाला का आयोजन 2.30 से 5.30 तक 3 घंटे किया गया जिसमें किसानों को कृषि विविधीकरण जैविक खेती ,मूल्य संवर्धन , पराली प्रबंधन एव खरीफ फसल रबी की फसलों के समर्थन मूल्य के बारे में भी विस्तार से बताया गया साथ ही कोरोना काल में कृषि कार्य करते समय बरतने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई गई भूमि संरक्षण अधिकारी अनिल प्रसाद मिश्र एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक अरुणाकर सिंह द्वारा ग्राम भर्रोह एवं ग्राम धनराजपुर में आयोजित पाठशाला पर निरीक्षण किया गया एवं मास्टर ट्रेनर को पाठशाला में आए हुए किसानों को विस्तृत जानकारी देने का एवं समय से पाठशाला का आयोजन करने तथा खरीफ एवं रबी की फसलों के समर्थन मूल्य के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया विकासखंड गोला में मास्टर ट्रेनर राज नारायण यादव द्वारा धनराजपुर ,राज कुमार मौर्या मदरिया ,विजेंद्र कुमार बरईपार, शेषनाथ पाल ढखवारचक ,अनिल सिंह पकड़ी ,दीपांकर सरोज बिजई मीरपुर ,रामभरोस झरकटा ,सुरेंद्र कुमार ददरा में किसान पाठशाला का सफल संचालन किया गया प्रेमचंद्र सिंह अश्वनी कुमार सिंह सुनील पाठक अभिनंदन सिंह सत्येंद्र सिंह साहब सिंह धर्मदेव राय राधेश्याम सिंह सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना सिंह आदि किसान भारी संख्या में उपस्थित रहे।



# उसका सीएचसी में बन रहा है आयुष्मान कार्ड

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार



में प्रतिदिन बन रहा है आयुष्मान कार्ड स्वास्थ विभाग पूरी तरह से लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाने में जुटी है जिसका भी आयुष्मान कार्ड न बना हो वह लाभार्थी सीधे उसका बाजार अस्पताल में आकर बनवा ले आयुष्मान मित्र आनंद पांडेय ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 30 लोगो का ही बन पता है वही उसका सीएचसी के अधीक्षक अविनाश चौधरी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगो की आयुष्मान कार्ड बनवाने का प्रयास किया जा रहा है लोगो गांव में कैंप लगा कर आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है कोई भी व्यक्ति आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे और आयुष्मान कार्ड का लाभ ज्यादा से ज्यादा उठा सके।

# पोषण हर बच्चे का मौलिक अधिकारः नियाज अहमद

## कंपोजिट स्कूल मधुकरपुर बसडिलिया में आयोजित हुआ सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एक स्वस्थ बच्चा ही कल का जागरूक नागरिक बनेगा. कुपोषण एक सामाजिक अभिषाप एवं समुचित पोषण हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। राष्ट्रीय पोषण अभियान माह के अन्तर्गत कंपोजिट स्कूल मधुकर पुर बसडिलिया में आयोजित सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम में उपरोक्त विचार शिक्षक संकुल नियाज अहमद ने व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षक संकुल सत्येंद्र गुप्ता ने माता समूह की सदस्यों, अभिभावकों एवं बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं पौष्टिक भोजन के बारे में विस्तार से बताते हुए सबको स्वस्थ रहने हेतु अभिप्रेरित किया. कार्यक्रम में आमंत्रित स्थानीय शिशु मंदिर के आचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने बच्चों को भोजन पूर्व की तैयारी, हाथों की स्वच्छता एवं भोजन मंत्र की सीख दी. तत्पश्चात मध्याह्न भोजन के अंतर्गत परिषदीय स्कूल के बच्चों एवं सरस्वती शिशु मंदिर के आमंत्रित बच्चों ने एक साथ मध्याह्न भोजन ग्रहण करते हुए अपने टिफिन साझा किए. कार्यक्रम के आयोजन में अनुदेशक सौम्य सोनकर का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका मधुरानी शाही एवं सुषमा कुमारी, आराधना पांडेय, पूर्णिमा मिश्रा, अंजू, मनीषा पांडेय आदि शिक्षिकाओं सहित यशोधरा, संगीता, लाली, उर्मिला, कुसुम आदि माता अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





# अपमिश्रित कच्ची शराब व कच्ची शराब बनाने के उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। के दक्षिणांचल में अपराध एवं अपराधियो पर पुर्ण रूप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के लिये चलायें जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में सोमवार को थानाध्यक्ष उरूवा बाजार प्रविन्द कुमार राय द्वारा गठित टीम द्वारा मुखबीर खास की सुचना पर लालजी तिवारी का भट्ठा बहद ग्राम भवानीगढ़ से अभियुक्त शैलेश उरांव उर्फ बुधिदसागर पुत्र भुदेशर उरांव निवासी मेदले थाना किस्को जिला लोहरदगा (झारखण्ड) के कब्जे से नाजायज एक प्लास्टिक की जरिकैन मे 10 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब व लगभग 500 ग्राम यूरिया,व लगभग 250 ग्राम नौसादर व कच्ची शराब बनाने का उपकरण (दो अदद एल्यूमिनियम का तशला, 02 अदद टिन – 01 अदद शीशा बोलत मय पाईप) बरामद हुआ है । अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 120⁄2021 अन्तर्गत धारा 60(क) व 60(2) अबकारी अधि0 व धारा 272 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ प्रविन्द कुमार राय,उ0नि0 संतोष कुमार तिवारी, का0 सत्यम् सिंह यादव, का0 आदितेश यादव शामिल रहे।



# स्व साधु शरण चौरसिया की चौदहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का अयोजन

अनंत मिश्रा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसकाध्सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी कैम्प कार्यालय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, जनसंघ पार्टी के संस्थापक सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रांतीय परिषद सदस्य,श्रीराम कारसेवा समिति के अध्यक्ष,समाजिक कार्यकर्ता स्मृतिशेष साधु शरण चौरसिया की चौदहवीं पुण्यतिथि–श्रद्धांजलि सभा का अयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर पार्टी एवं समाज के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख कर उन्हें नमन किया।भाजपा मण्डल अध्यक्ष जगदीश प्रताप जायसवाल ने कहा कार्यकर्ताओं के लम्बे संघर्ष का परिणाम है।ऐसी बिभूतिया बिरले पैदा होती है, जिन्हें समाजसेवा,राष्ट्रसेवा की भावना निहित हो।इन्हीं लोगों के द्वारा लगाया बृक्ष आज विशालकाय बटबृक्ष जिसके परिणाम स्वरूप देश व प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार है। आयोजित कार्यक्रम में साधूशरन चौरसिया के जेष्ठ पुत्र व भाजपा निवर्तमान जिला मंत्री,जिला संयोजक चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग भाजपा एवं अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष शिव शरन चौरसिया ने बताया कि 1951 मे 15 वर्ष की अल्पायु मे ही समाजसेवा के प्रति समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे।1953 मे डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जम्मूकश्मीर मे गिरफ्तारी के बिरोध मे अंदोलन मे सामिल हुए। 1957 मे भारतीय जनसंघ के तहसील संगठन मंत्री बनाए गए।1958 मे नौगढ़ तहसील घेरो अंदोलन,नौगढ़ तहसील में बाढ़,सुखा और अकाल पड़ा था।अंदोलन का संचालन भूमिगत हो कर स्व.हरिश्चंद्र श्रीवास्तव पूर्व वित्त मंत्री कर रहे थे सभी कार्यकर्ताओं को बन्दी बनाकर बस्ती जेल भेज दिया गया बस्ती जेल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख आदि लोग मिलने गए।

साठ के दशक में वर्तमान में सन्तकबीरनगर से विधानसभा चुनाव लडने का निर्देश मिला था परन्तु चुनाव न लडने का फैसला किया।1990 श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में जेल में रहे। निवर्तमान अध्यक्ष नगर पंचायत उसका बाजार हेमंत कुमार जायसवाल ने कहा स्व.साधूशरन चौरसिया ने हमेशा जनहित की लडाई लडी थी। उनका व्यकितत्व क्षेत्र में निष्ठावान, ईमानदार, कार्यकर्ता के रूप में रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता जयप्रकाश पान्डेय, सुरेन्द्र पान्डेय, श्रीधर पान्डेय, सत्यम पान्डेय, उनके साथ अपने अनुभव को व्यक्त किए, इस अवसर पर व्यपार मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार अग्रहरि, जिलाध्यक्ष पि. वर्ग मोर्चा दयाराम लोधी, सत्यप्रकाश वर्मा, विशाल अग्रहरि, रामदरश त्रिपाठी, सुरज मोदनवाल, सत्यम पान्डेय, दिनेश जायसवाल, तारकेश्वर पान्डेय, समीर कश्यप, वासुकीनाथ चौरसिया, धर्मेन्द्र चौरसिया, अभिषेक चौरसिया आदि ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



# सम्पादकीय

**इस क्षेत्र में समृद्धि की बयार फिर से संभव है। भारत इस दिशा में संबंध बढ़ाने के लिये उत्सुक है। इस बाबत उन्होंने ईरान के चाबहार पोर्ट में भारतीय निवेश का उदाहरण दिया और इंटरनेशनल नर्थ्थ–साउथ कोरिडोर की वास्तविकता बतायी। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी एकतरफा...**

## कट्टरपंथ पर चोट

शंघाई सहयोग संगठन के 21वें शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान के हालात के प्रसंगवश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेताया कि कट्टरपंथ क्षेत्रीय शांति के लिये बड़ा खतरा उत्पन्न कर रहा है, जिसके लिये एससीओ देशों को मिलकर प्रयास करने चाहिए। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आयोजित सम्मेलन में पाक प्रधानमंत्री की उपस्थिति में मोदी ने चेताया कि कट्टरपंथ के चलते युवाओं को तकनीकी विकास का लाभ नहीं मिल पा रहा है और क्षेत्र के आर्थिक संसाधनों का दोहन नहीं हो पा रहा है। दरअसल, ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान की अध्यक्षता में हाइब्रिड प्रारूप के शिखर सम्मेलन में रूस, चीन व पाक समेत आठ देश भाग ले रहे हैं। हाइब्रिड इस मायने में कि आयोजन का कुछ हिस्सा डिजिटल आधार पर तथा शेष हिस्सा आमंत्रित सदस्यों की उपस्थिति के रूप में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली सम्मेलन को सम्बोधित किया, वहीं विदेश मंत्री जयशंकर सम्मेलन में भाग लेने दुशांबे में मौजूद हैं जहां उन्होंने सीमा अतिक्रमण के मुद्दे पर चीनी समकक्ष से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के सामान्य रिश्तों का रास्ता सीमा पर शांति से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान की चुनौती को मिलकर निपटने की बात करते हुए कहा कि मध्य एशिया में इस्लाम से जुड़ी शांति, सहिष्णु और समावेशी संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने इस सम्मेलन के जरिये दुनिया को इस्लामिक कट्टरपंथ की चुनौतियों के प्रति आगाह किया। मोदी ने माना कि अफगानिस्तान में कट्टरपंथियों की सत्ता आने से क्षेत्र में अस्थिरता का खतरा पैदा हो गया है। प्रतीकों के जरिये प्रधानमंत्री ने पाक को चेताया कि देर–सवेर कट्टरपंथ उसके लिये खतरा बन सकता है। लोकतांत्रिक सरकार के दौरान जो आतंकी संगठन नियंत्रण में थे, अब तालिबान के सत्ता में आने के बाद वे स्वच्छंद व्यवहार करने लगे हैं। उन्होंने चेताया कि यह पूरा क्षेत्र कट्टरपंथी ताकतों के लिये सुरक्षित ठिकाना बन सकता है। दरअसल, सबसे बड़ी चिंता यह है कि अफगानिस्तान में कट्टरपंथियों की वापसी के बाद अन्य इस्लामिक देशों में भी सख्त शरिया कानून लागू करने की मांग जोर पकडने लगी है। पाकिस्तान में भी वहाबी इस्लाम का खतरा बढ़ सकता है। यही वजह है कि मोदी ने कहा कि मध्य एशिया के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो यह उदार व प्रगतिशील मूल्यों का गढ़ रहा है। यहां सूफीवाद की उदारवादी परंपराएं सदियों तक पनपी व पूरे विश्व में इनका विस्तार हुआ, जिसकी झलक आज भी इन देशों की सांस्कृतिक विरासत में देखने को मिलती है। भारत समेत एससीओ के इन देशों में इस्लाम से जुड़ी उदारवादी, सहिष्णु और समावेशी संस्थाएं व परंपराएं मौजूद हैं। इन हालात में एससीओ को कट्टरपंथ और आतंकवाद से लडने का एक साझा दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। उन्होंने कट्टरपंथ से मुकाबले के लिये क्षेत्रीय सुरक्षा व परस्पर विश्वास की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिसे उन्होंने नयी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिये अनिवार्य शर्त भी माना। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित देशों से मुकाबले के लिये इस क्षेत्र को नयी टेक्नोलॉजी में भागीदारी निभानी होगी। इसके लिये जरूरी है कि हम विज्ञान व तर्कवादी सोच को प्रश्रय दें। दरअसल, कट्टरपंथ के चलते हम इस क्षेत्र में विस्तृत आर्थिक संभावनाओं का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिये सदस्य देशों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत है। अतीत में मध्य एशिया के देशों के बीच क्षेत्रीय बाजारों में कनेक्टिविटी पुल की बड़ी भूमिका रही है।

## इंतजार की लहरों पर सवारी

सहीराम

कोविड की जिस तीसरी लहर का इंतजार था, वह अभी तक तो नहीं आयी। अच्छा ही रहा। आगे भी न आए तो और अच्छा रहेगा। लेकिन जिसका किसी को इंतजार नहीं था, किसान आंदोलन की वह तीसरी लहर आ गयी। चलो यह भी अच्छा ही रहा। आंदोलनकारी किसान कह रहे हैं कि पता नहीं अभी कितनी लहरें और आएंगी। सरकार विरोधी भी चाहते हैं कि किसान आंदोलन की यह लहरें आती रहें। यह ज्वार थमे नहीं। कोविड की तीसरी लहर का इंतजार तो ऐसे हो रहा था, जैसे आदमखोर जानवर का होता है कि वह अपना शिकार करने आएगा तो जरूर। सतर्क रहो। विशेषज्ञ भी कह रहे थे कि कोरोना की तीसरी लहर आएगी तो जरूर। इसलिए सतर्क रहो। महामारियों का इतिहास है कि उनकी दूसरी, तीसरी, चौथी लहरें आती ही हैं। बस पहली लहर के बाद हम यह बात भूल गए थे, इसलिए दूसरी लहर काफी मारक रही। लेकिन सबसे अच्छी बात सरकार ने यह की कि उसने घोषित कर दिया कि ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई। अगर वह यह भी घोषित कर देती कि गंगा में शव नहीं तैर रहे थे और गंगा की रेती में शव नहीं दफनाए गए थे तो और अच्छा रहता। लेकिन खैर, कोरोना की तीसरी लहर का तो चाहे कितना ही इंतजार रहा हो, इंतजार सिर्फ माशूक का ही नहीं होता यार, संकट का भी होता है, पर किसान आंदोलन की तीसरी लहर का किसी को इंतजार नहीं था। इंतजार तो दूसरी लहर का भी नहीं था और पहली लहर के बाद जैसे कोरोना को खत्म हुआ मान लिया गया था, वैसे ही किसान आंदोलन को भी खत्म हुआ मान लिया गया था और इसीलिए किसान आंदोलन की गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली के बाद सरकार गाजीपुर बॉर्डर को खाली कराने पर आमादा हो गयी थी। लेकिन फिर टिकैत साहब के आंसुओं से आंदोलन का ऐसा ज्वार उठा, जिसकी सरकार ने कल्पना भी नहीं की थी, वैसे ही जैसे कोरोना की दूसरी लहर की उसने कल्पना नहीं की थी और बंगाल में विराट रैलियों का आयोजन करने लगी थी। लेकिन अब कोरोना की तीसरी लहर का तो बस इंतजार ही है, पर मुजफ्फरनगर रैली के साथ किसान आंदोलन की तीसरी लहर जरूर आ गयी। यह लहर करनाल में जबरदस्त ढंग से दिखाई दी। यह लखनऊ में दिखाई दे रही है और जयपुर में भी दिखाई दे रही है। उधर सरकार ने अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम से एक विश्वविद्यालय शुरू करके इस पर काबू पाने का जतन करना शुरू कर दिया है। बहरहाल, कोरोना की तीसरी लहर न ही आए तो अच्छा है और किसान आंदोलन की तीसरी लहर आ गयी तो भी कोई बुरी बात नहीं।

## विकास की बलिवेदी पर वनों की आहुति

**पिछले साल मार्च महीने के तीसरे सप्ताह से भारत में कोरोना संकट के चलते लागू की गई बंदी में भले ही दफ्तर–बाजार आदि पूरी तरह बंद रहे लेकिन 31 विकास परियोजनाओं के लिए 185 एकड़ घने जंगलों को उजाडने की अनुमति देने का काम जरूर होता रहा। कोविड ने बता दिया है कि यदि धरती पर इनसान को सुख से जीना है तो जंगल और वन्य जीव को उनके नैसर्गिक परिवेश में जीने का अवसर देना...**

पंकज चतुर्वेदी

मध्य प्रदेश में वर्ष 2014–15 से 2019–20 तक 1638 करोड़ रुपये खर्च कर 20 करोड़ 92 लाख 99 हजार 843 पेड़ लगाने का दावा सरकारी रिकार्ड करता है, अर्थात् प्रत्येक पेड़ पर औसतन 75 रुपये का खर्च। इसके विपरीत भारतीय वन सर्वेक्षण की ताजा रिपोर्ट कहती है कि प्रदेश में बीते छह सालों में कोई 100 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र कम हो गया है। प्रदेश में जनवरी, 2015 से फरवरी 2019 के बीच 12 हजार 785 हेक्टेयर वन भूमि दूसरे कामों के लिए आवंटित कर दी गई। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बक्सवाहा में हीरा खदान के लिए ढाई लाख पेड़ काटने के नाम पर बड़ा आंदोलन संघ परिवार से जुड़े लोगों ने ही खड़ा करवा दिया। वहीं इसी जिले में केन–बेतवा नदी जोड़ परियोजना के चलते घने जंगलों के काटे जाने पर चुप्पी है। इस परियोजना के लिए गुपचुप 6017 हेक्टेयर सघन वन क्षेत्र को 25 मई, 2017 को गैर वन कार्य के लिए नामित कर दिया गया, जिसमें 23 लाख पेड़ कटना दर्ज है।

वास्तव में यह तभी संभव है जब सरकार वैसे ही सघन वन लगाने लायक उतनी ही जमीन मुहैया करवा सके। आज की तारीख तक महज चार हजार हेक्टेयर जमीन की उपलब्धता की बात सरकार कह रही है, वह भी अभी अस्पष्ट है। चूंकि इसकी चपेट में आ रहे इलाके में पन्ना नेशनल पार्क का बाघ आवास का 105 वर्ग किलोमीटर इलाका आ रहा है और यह प्रश्न निरुतरित है कि इसका क्या विकल्प है।

नदी जोड़ के घातक पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट को 30 अगस्त, 2019 को दी थी, जिसमें वन्य जीवों से जुड़े नियमों के उल्लघंन, जंगल कटने पर जानवरों व जैव विविधता पर प्रभाव आदि पर गहन शोध था। आज सरकारी कर्मचारी इन सभी को नजरअंदाज कर परियोजना को शुरू करवाने पर जोर दे रहे हैं।

हरियाली, जनजाति और वन्य जीवों के लिए सुरम्य कहे जाने वाले उड़ीसा में हरियाली पर काली सड़कें भारी हो रही हैं। यहां बीते एक दशक में एक करोड़ 85 लाख पेड़ सड़कों के लिए होम कर दिए गए। इसके एवज में महज 29.83 लाख पेड़ ही लगाए जा सके।

इनमें से कितने जीवित बचे, इसका कोई रिकार्ड नहीं। विश्व संसाधन संस्थान की शाखा ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार, 2014 और 2018 के बीच 122,748 हेक्टेयर जंगल विकास की आंधी में नेस्तनाबूद हो गए। अमेरिका की इस गैर–सरकारी संस्था के लिए मैरीलैंड विश्वविद्यालय ने आंकड़े एकत्र किए थे। ये पूरी दुनिया में जंगल के नुकसान के कारणों को जानने के लिए नासा के सेटेलाइट से मिले चित्रों का आकलन करते हैं। रिपोर्ट बताती है कि कोविड लहर आने के पहले के चार सालों में जंगल का लुप्त होना 2009 और 2013 के बीच वन और वृक्ष आवरण के नुकसान की तुलना में लगभग 36 फीसदी अधिक था।

दुखद यह है कि 2001 से 2018 के बीच काटे गए 18 लाख हेक्टेयर जगलों में सर्वाधिक नुकसान अपनी प्राकृतिक छटा के लिए मशहूर पूर्वोत्तर राज्यों नागालैंड, त्रिपुरा मेघालय और मणिपुर में हुआ। उसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में जम कर वन खोए।

कुछ योजनाएं जैसे सागरमाला परियोजना, मुंबई तटीय सड़क, मुंबई मेट्रो, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, चार धाम रोड, अहमदाबाद–मुंबई बुलेट ट्रेन, मुंबई–गोवा राजमार्ग का विस्तार आदि जंगल उजाड़ कर उभारी गईं। चार धाम ऑल वेदर रोड के लिए लगभग 40,000 पेड़, मुंबई–गोवा राजमार्ग के विस्तार के लिए 44,000 पेड़, अन्य 8,300 पेड़ काटे जाएंगे। इसके अलावा, बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए महाराष्ट्र में 77 हेक्टेयर वन भूमि को उजाड़ा जा रहा है।

असम में तिनसुकिया, डिब्रूगढ़ और सिवसागर जिले के बीच स्थित देहिंग पतकली हाथी संरक्षित वन क्षेत्र के घने जंगलों को श्पूर्व का अमेजनश्च कहा जाता है। सरकार ने इस जंगल के 98.59 हेक्टेयर में कोल इंडिया लिमिटेड को कोयला उत्खनन की मंजूरी दे दी है। यहां के करीबी सलेकी इलाके में कोई 120 साल से कोयला निकाला जा रहा है। पूर्वोत्तर का यह जंगल अब अपना जैव विविधता भंडार खो देगा। यह दुखद है कि भारत में अब जैव विविधता नष्ट होने, जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के दुष्परिणाम तेजी से सामने आ रहे हैं। फिर भी पिछले एक दशक के दौरान विभिन्न विकास परियोजना, खनन या उद्योगों के लिए लगभग 38.22 करोड़ पेड़ काट डाले गए।

पिछले साल मार्च महीने के तीसरे सप्ताह से भारत में कोरोना संकट के चलते लागू की गई बंदी में भले ही दफ्तर–बाजार आदि पूरी तरह बंद रहे लेकिन 31 विकास परियोजनाओं के लिए 185 एकड़ घने जंगलों को उजाडने की अनुमति देने का काम जरूर होता रहा। कोविड ने बता दिया है कि यदि धरती पर इनसान को सुख से जीना है तो जंगल और वन्य जीव को उनके नैसर्गिक परिवेश में जीने का अवसर देना ही होगा। इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग का खतरा अब सिर पर ही खड़ा है और इसका निदान कार्बन उत्सर्जन रोकना व हरियाली बढ़ाना है।

## राजा पर राजनीति के अनुत्तरित प्रश्न

**ऐसा नहीं है कि सत्ता में रहते हुए अन्य दलों ने समाज के प्रतिष्ठित लोगों के नाम पर संस्थाएं–स्मारक नहीं बनाये, पर दुर्भाग्यवश नजरिया संकीर्ण ही रहा। कभी जाति–वर्ग के दायरे में सिमट गये तो कभी चुनावी गणित में उलझ गये। कटु सत्य तो यह है कि सामाजिक–राजनीतिक समीकरण बिठाने के लिए न तो नायक खोजने–गढने में संकोच किया गया और न ही राष्ट्र–समाज के नायकों को जाति...**

राजकुमार सिंह

निधन के चार दशक बाद राजा महेंद्र प्रताप सिंह चर्चा में हैं। मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक सवाल पूछा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को 1979 में दिवंगत राजा महेंद्र प्रताप की याद अचानक अभी क्यों आयी? इस सवाल के मूल में है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 सितंबर को अलीगढ़ जिले के लोधा गांव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति में प्रदेश स्तरीय विश्वविद्यालय का शिलान्यास। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी, राजा महेंद्र प्रताप सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व का गुणगान करते हुए यह बताना नहीं भूले कि वह जाट राजा थे। महेंद्र प्रताप जाट थे, यह तो तथ्य है, पर राजनीति में अनायास कुछ नहीं होता, सब कुछ सायास होता है। इसीलिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा राजा महेंद्र प्रताप के नाम के साथ जाट जोडने के राजनीतिक निहितार्थ ढूंढे जा रहे हैं। पूछा जा रहा है कि क्या यह तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध जारी किसान आंदोलन के राजनीतिक प्रभाव को कम करने की कवायद है?

केंद्र सरकार द्वारा पिछले साल बनाये गये तीन कृषि कानूनों को अपने विरुद्ध बताते हुए पिछले लगभग दस महीने से किसान देश की राजधानी दिल्ली की दहलीज पर धरना दे रहे हैं। बेशक जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पर धरनारत किसानों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व ज्यादा है, लेकिन टीकरी और सिंघु बॉर्डर पर पंजाब–हरियाणा के किसान मोर्चा संभाले हुए हैं तो गाजीपुर बॉर्डर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान। राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 में होंगे और हरियाणा में उसके भी अगले साल, लेकिन पंजाब और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव बमुश्किल छह महीने दूर हैं। मान भी लें कि पंजाब चुनाव में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर नहीं होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश तो देश का सबसे बड़ा राज्य है। पिछले दोनों लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेलेदम बहुमत दिलवाने में भी उत्तर प्रदेश की ही निर्णायक भूमिका रही है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्तारूढ़ है। यह सब कुछ किसानों के समर्थन के बिना तो संभव नहीं ही हुआ होगा। ऐसे में किसान आंदोलन के राजनीतिक प्रभाव–परिणामों को लेकर चिंता होना तो स्वाभाविक है। किसान आंदोलन में अभी तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान ज्यादा सक्रिय और मुखर नजर आ रहे हैं, जो 2014, 17 और 19 में समर्थन के बावजूद भाजपा के परंपरागत समर्थक नहीं माने जाते। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान समुदाय में जाट प्रभावी माने जाते हैं। संपन्नता के साथ–साथ राजनीति में भी उनका खासा प्रभाव रहा है। बेशक कांग्रेस को अलविदा कहने के बाद चौधरी चरण सिंह श्अजगरश्च (अहीर, जाट, गुर्जर, राजपूत) और श्मजगरश्च (मुसलमान, जाट, गुर्जर, राजपूत) का सामाजिक समीकरण बनाकर ही लखनऊ और दिल्ली के सत्ता शीर्ष तक पहुंचे थे, लेकिन बदलते राजनीतिक परिदृश्य में मान लिया गया कि जाट उनके उत्तराधिकारी अजित सिंह, और अब जयंत चौधरी (राष्ट्रीय लोकदल), का परंपरागत समर्थक वर्ग है, जिसके साथ मुस्लिम वर्ग मिल जाने से विजयी समीकरण बन जाता है। मुलायम सिंह यादव के अलगाव के बाद यह समीकरण गड़बड़ाया तो पिछले सात साल में मोदी लहर में निष्प्रभावी ही हो गया, पर अब जबकि किसान आंदोलन कृषि कानूनों और केंद्र सरकार के साथ–साथ भाजपा के विरुद्ध भी मुखर हो रहा है, इसके राजनीतिक प्रभाव–परिणामों पर बहस शुरू हो गयी है।

पिछले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 403 में से 313 सीटें जीती थीं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगभग 100 सीटें हैं, जिनमें से ज्यादातर भाजपा की झोली में गयी थीं। परंपरागत सामाजिक–राजनीतिक समीकरण किस हद तक धराशायी हो गये थे, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राष्ट्रीय लोकदल का मात्र एक विधायक चुना गया था। वह भी बाद में भाजपा में शामिल हो गया। दो साल बाद हुए लोकसभा चुनाव में भी कुछ नहीं बदला। अजित सिंह और उनके पुत्र जयंत, दोनों चुनाव हार गये। इन चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने का दावा जो भारतीय किसान यूनियन करती थी, उसके नेता द्वय टिकैत बंधु अब प्रायश्चित करते हुए भूल सुधार की बात कह रहे हैं। संकेत साफ हैरू 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से जाटों और मुसलमानों में बढ़ा वैमनस्य अगर मिट रहा है तो असर चुनाव परिणामों पर भी पड़ेगा ही। इसीलिए प्रधानमंत्री द्वारा राजा महेंद्र प्रताप के नाम पर प्रदेश स्तरीय विश्वविद्यालय के शिलान्यास को जाट समुदाय की नाराजगी दूर करने की भाजपाई कवायद के रूप में देखा–दिखाया जा रहा है। भाजपा एक राजनीतिक दल है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसके शीर्षस्थ राजनेता। अब राजनीतिक दल और राजनेता तो राजनीति करेंगे ही। भाजपा याद दिला रही है कि पिछले साल के आखिर में शुरू हुए किसान आंदोलन से लगभग एक साल पहले ही वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर प्रदेश स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की थी, भूमि अधिग्रहण आदि औपचारिकताओं के चलते जिसका शिलान्यास अब हो पाया है। बेशक वह घोषणा एक तथ्य है, लेकिन थोड़ी देर के लिए उसे नजरअंदाज भी कर दें तो भाजपाई कवायद पर सवाल उठाने वाले राजनीतिक दलों–नेताओं को इस स्वाभाविक सवाल का जवाब तो देना ही चाहिए कि देश की आजादी के लिए विदेशों से समर्थन जुटाने की खातिर युवावस्था में राजसुख छोड़ कर 32 साल तक निर्वासित जीवन जीने और 1915 में भारत की पहली निर्वासित सरकार गठित करने वाले सर्व धर्म समभाव की भावना से अपना नाम ही श्पीटर पीर प्रतापश्च रख कर प्रेम धर्म के पैरोकार रहे आर्यन पेशवा के संबोधन से लोकप्रिय ऐसे महान व्यक्तित्व के प्रति सम्मान स्वरूप अपने शासनकाल में उन्होंने कुछ क्यों नहीं किया? और जाने–अनजाने नजरअंदाज कर दिये जाने वाले ऐसे राष्ट्र नायकों की फेहरिस्त बहुत लंबी है, जिनके योगदान से नयी पीढियां अनभिज्ञ ही रह जाती हैं। यह सवाल इसलिए भी ज्यादा प्रासंगिक है, क्योंकि शुरुआत में मार्क्सवादी रुझान वाले महेंद्र प्रताप 1946 में स्वदेश वापसी के बाद महात्मा गांधी समेत कांग्रेस के नेताओं के निकट रहे और शिक्षा एवं समाज सुधार की दिशा में तन–मन–धन से अनुकरणीय योगदान दिया। स्वदेशी आंदोलन में भी उनकी अग्रणी भूमिका का उल्लेख मिलता है। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के सुनहरे दिनों में भी 1957 में मथुरा से निर्दलीय चुनाव लड़ कर वह सांसद चुने गये थे। तब कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी दिगंबर सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, और आज जिस भाजपा पर जातिगत राजनीतिक कारणों से राजा को याद करने का आरोप लग रहा है, उसके उम्मीदवार अटलबिहारी वाजपेयी चौथे स्थान पर रहे थे। अटल जी की जमानत जब्त हो गयी थी। यह अलग बात है कि वह एक दूसरे संसदीय क्षेत्र बलरामपुर से भी चुनाव लड़ रहे थे, जहां से जीत कर पहली बार लोकसभा में पहुंचे और सभी को प्रभावित करने में भी सफल रहे।

ऐसा नहीं है कि सत्ता में रहते हुए अन्य दलों ने समाज के प्रतिष्ठित लोगों के नाम पर संस्थाएं–स्मारक नहीं बनाये, पर दुर्भाग्यवश नजरिया संकीर्ण ही रहा। कभी जाति–वर्ग के दायरे में सिमट गये तो कभी चुनावी गणित में उलझ गये। कटु सत्य तो यह है कि सामाजिक–राजनीतिक समीकरण बिठाने के लिए न तो नायक खोजने–गढने में संकोच किया गया और न ही राष्ट्र–समाज के नायकों को जाति–वर्ग के दायरे में कैद करने में। बताया जा रहा है कि 1929 में जिस अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राजा महेंद्र प्रताप ने जमीन दान में दी थी, उसमें उनके नाम को सही मान–सम्मान नहीं मिला, इसलिए उनके नाम पर अलग से प्रदेश विश्वविद्यालय स्थापित किया जा रहा है, पर बहुत कम लोग जानते होंगे कि देश का पहला पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने के लिए राजा ने वृंदावन का अपना महल दान कर दिया था। आमतौर पर राजाओं की चर्चाएं उनकी शानो शौकत और विलासितापूर्ण जीवन के लिए होती हैं, पर हाथरस जिले की मुरसान रियासत के राजा महेंद्र प्रताप की गिनती हमेशा विद्वान लेखक, पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में की गयी। 1932 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। ऐसी विभूति को देर से मान–सम्मान दे पाने के लिए अपराधबोध का अहसास करने के बजाय एक राष्ट्र नायक को ही जाति–वर्ग और चुनावी राजनीति के चश्मे से देखने–दिखाने की कोशिश दरअसल हमारे राजनेताओं के बौनेपन को ही बेनकाब करती है।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मेडिकल कालेज ले जाते समय मौत

सलेमपुर, देवरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के मझौलीराज धूस टोला निवासी उमाशंकर पुत्र स्व.रामदास की बीती रात मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। मझौलीराज नगर के धुसटोला निवासी उमाशंकर को पड़ोस के ही कुछ लोग कही जाने के लिए घर से बुलाकर ले गए। देर रात स्वजनों को सूचना मिली की उमाशंकर मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया है। इसके बाद स्वजन जिला अस्पताल पहुंचे। इसके पहले चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए भेज दिया। जहां इलाज के लिए गोरखपुर जाते समय उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही पत्नी संतरा देवी व अन्य सदस्यों की हालत गंभीर हो गई। पत्नी संतरा देवी व छह बेटियों में बेटी रानी देवी जिसकी शादी जून माह मे हुआ है, कुमारी रेनू , कुमारी रबिना, कुमारी गीता, कुमारी निर्मला , कुमारी दीपू का रो –रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि दुर्घटना की खबर मिली है। दुर्घटना कहा हुई है इसकी भी जानकारी नहीं है।

## चाकू से गोदकर युवक की हत्या, नदी के किनारे फेंका शव

भिगारी बाजार, देवरिया । सीमावर्ती बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के भोपतपुरा गांव के रहने वाले एक युवक की चाकू से गोदकर बदमाशों ने हत्या कर दी। शव को स्याही नदी के किनारे झाड़ी में फेंक दिया। सुबह लोगों ने शव दे देख पुलिस को फोन किया। बिहार के गोपालगंज जिले की भोरे थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। युवक के गर्दन सहित शरीर के दर्जनों जगहों पर चाकुओं से गोदा गया है। मृतक की पहचान इरफान अंसारी 30 वर्ष पुत्र अली अहमद के रूप में हुई। स्वजन ने बताया कि वह रात गांव में ही हो रहे आर्केस्ट्रा देखने के लिए घर से निकला। जब वह आधी रात के बाद तक घर वापस नहीं लौटा तो स्वजन की चिता बढ़ गई। स्वजन व आसपास के लोगों ने उसे ढूंढना शुरू कर दिया। युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। घटनास्थल पर पहुंचे हथुआ के एसडीपीओ नरेश कुमार व भोरे थानाध्यक्ष सुभाष सिंह ने घटना की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटना स्थल से मृत युवक का मोबाइल भी बरामद किया है। इससे शीघ्र ही घटना का रहस्य खुलने की उम्मीद है। मृत युवक के पिता सऊदी अरब में काम करते हैं। वह दो भाइयों में सबसे छोटा था। घटना के बाद उसकी मां सहित उसके परिवार के अन्य सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम छाया हुआ है। थानाध्यक्ष भोरे सुभाष सिंह ने बताया कि अभी मृत युवक के स्वजन से जानकारी ली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूल परिसर से हटवाया गया अतिक्रमण

महराजगंज। ब्लाकक्षेत्र के हरदीडाली गांव स्थित पूर्व व प्राथमिक विद्यालय के परिसर से अतिक्रमण हटवाया गया। ग्राम प्रधान ने अतिक्रमण की शिकायत की थी। एसडीम रामसंजीवन मौर्य राजस्व व पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। जेसीबी द्वारा झोपड़ी, टीन शेड व गुमटी के रखकर किए गए अतिक्रमण को हटवाया। अतिक्रमण हटाने का कार्य चार घंटे तक चला। ग्राम प्रधान गोपाल नारायण चौधरी ने तहसील समाधान दिवस पर शिकायत की थी। उनका कहना था कि अतिक्रमण होने से बाउंड्रीवाल बनाने में बाधा आ रही है। एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। तक अतिक्रमण नहीं हटा तो कार्रवाई की गई। अभियान में सोनौली थाना इंस्पेक्टर शशांक शेखर राय, खनुआ चौकी इंचार्ज कमलेश कुमार यादव, राजस्व निरीक्षक शिव राज गुप्ता, लेखपाल कृष्ण गोपाल आदि शामिल रहे। एसडीएम राम संजीवन मौर्य का कहना है कि चेतावनी के बाद भी अतिक्रमणकारी नहीं मान रहे थे। ऐसे में मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

## कबड्डी के उद्घाटन मुकाबले में अमवा की जीत

महराजगंज । लक्ष्मीपुर क्षेत्र के विशुनपुर कुर्थिया गांव स्थित मदरसा के क्रीड़ांगन में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में अमवा की टीम ने चौतरवां को 55–25 से हराया। इसके अलावा महराजगंज की टीम ने मल्हनी फुलवारियां को 47–22 से, कैथवलिया पाठक ने इमलिहा को 26–20 से, चौतरवां ने कौड़ीराम को 53–45 से, गोरखपुर ने श्रीनगर को 18–16 से हरियाणा ने सिंहपुर 50–23 से, बगहा ने मोगलहा को 29–23 से, हरियाणा ने गौसिया कालेज 36–25 से, बड़हरा ने मोगलहा को 65–34 से, अमवा ने सोनवल को 39–17 से, महराजगंज ने मुडिला को 39–19 से हराया। इससे पहले उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि संतोष पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उनके अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने की। गांव से निकलकर ही प्रतिभावान खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। तजेंद्र पाल सिंह, हाफिज आयूब, बबलू पांड़ेय, गुड्डू सिंह, मजहर खान, बदरे आलम, पप्पू यादव, श्रीनिवास यादव, अखबाल, सुल्तान, मंटू, शमीम, नसीम, रिजवान, खुनखुन सहित आयोजक कमेटी व क्षेत्रीय खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## इंसेफ्लाइटिस व एसएनसीयू वार्ड में बेड की समस्या बरकरार

महराजगंज। जिला अस्पताल के इंसेफ्लाइटिस वार्ड और एसएनसीयू वार्ड में बेड की समस्या अभी भी बरकरार है। एक बेड पर तीन–तीन बच्चों का इलाज चल रहा है। मरीजों के बढ़ने के कारण अस्पताल की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। अस्पताल प्रशासन लाचार बना हुआ है। जिसके कारण मरीजों और तीमारदारों को दिक्कत हो रही है। 15 बेड के इंसेफ्लाइटिस वार्ड में 30 बच्चे भर्ती हैं। जबकि एसएनसीयू वार्ड (सिक एंड न्यू बार्न केयर) में 20 बेड पर 50 नवजात भर्ती हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एक राय ने बताया कि मरीजों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें भर्ती करना पड़ रहा है। मरीजों को लौटाया भी नहीं सकता है। समस्याएं हैं, लेकिन उसी में बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सितंबर में अब तक मिले बुखार के 3397 मरीज

देवरिया। जिले में वेक्टरजनित रोगों में सितंबर में बुखार के 3397 मरीज मिले। जिनका इलाज अस्पातल की ओपीडी में किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता के लिए प्रत्येक जिला चिकित्सालय समेत अन्य चिकित्सालयों पर फीवर हेल्प डेस्क स्थापित करते हुए प्रतिदिन ओपीडी में फीवर केस के रोगियों तथा उनके तत्काल निदान के लिए मलेरिया, डेंगू व अन्य वेक्टर जनित रोगों की जांच करायी जा रही है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि इसकी सायंकालीन समीक्षा जिलाधिकारी के साथ–साथ मंडल स्तर पर भी की जा रही है। जिले में डेंगू रोग से ग्रसित कुल 18 व्यक्तियों की सूचना प्राप्त है। जिसमें केवल दो मरीज ही जनपद में ग्रसित हुए हैं। वर्तमान में तीन रोगियों का उपचार जिला चिकित्सालय के डेंगू आइसोलेशन वार्ड में चल रहा है। जबकि अन्य समस्त उपचारित हो चुके हैं। मुख्यालय स्तर पर सितंबर से ही नगरीय एवं प्रभावित क्षेत्रों में घरों में ब्रीडिग सोर्स, कन्टेनरों का सर्वे तथा सोर्स रिडक्शन कराया जा रहा है। अबतक 33 ग्राम, वार्ड के 752 घरों में 5988 कंटेनरों का सर्वे किया गया। 24 भवन स्वामियों को लार्वा ब्रीडिग सोर्स की अधिकता व लापरवाही के कारण नोटिस जारी की गयी। उपचार केंद्रों को डेंगू केस व अन्य वेक्टर जनित रोगों के पाये जाने पर उसकी सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को देना अनिवार्य है। जनपद में माह सितंबर में अब तक ओपीडी में लगभग 3397 फीवर केस मिला। जिसमें मलेरिया, डेंगू सहित अन्य की जांच करायी गयी। मलेरिया का अबतक एक केस तथा जेई का कुल 15 केस की पुष्टि हुई है। डेंगू जेई एवं मलेरिया से पुष्ट किसी भी रोगी की मृत्यु नहीं हुई है।

# चकरा बोधा नाले में युवक डूबा, तलाश

मगहरा, देवरिया। बरहज थाना क्षेत्र के चकरा बोधा गांव के पास बह रहे नाले में एक युवक डूब गया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन पता नही चल सका। थाना क्षेत्र के टीकर निवासी सुधीर दुबे 26 वर्ष पुत्र सुबास दुबे अपने मित्र के साथ बाजार करने सतरांव गया था। उधर से वापस लौटते समय नाले के तेज बहाव में डूब गया । उसका दोस्त उसे डूबते देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। परन्तु जब तक ग्रामीण पहुंचते काफी देर हो चुकी थी। वह पानी के बहाव में विलीन हो गया। ग्रामीणों ने काफी खोज बिन की परन्तु नहीं मिल सका। किसी ने इसकी सूचना बरहज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी काफी खोज की परन्तु वह नही मिल सका। देरशाम तक गोताखोर की टीम आ गई थी। देर शाम तक खोज जारी था। दोस्त झब्बर प्रसाद ने बताया कि आंखों के सामने ही वह पानी मे विलीन हो गया। करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत जासं, सतरांवरू ग्राम गहिला में करंट की चपेट में आने से एक किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए जिला अस्पताल देवरिया लेकर गए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम गहिला के रहने वाले सनी रजा अंसारी पुत्र फारूक अंसारी फौज में भर्ती के लिए तैयारी कर रहा था। दौड़ कर घर वापस आते समय दरवाजे से कुछ दूरी पर लगे ट्रांसफार्मर के पोल से नीचे आए तार पर फिसल कर गिर गया। जिससे तार में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गया। वह दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। किशोर की मौत से स्वजन का रो–रो कर बुरा हाल है।

## समाज को स्थिर व स्वावलंबी बनाना आरएसएस का मकसद

पड़री बाजार, देवरिया । विकास खंड भटनी क्षेत्र के रामलाल त्रिपाठी महाविद्यालय पिपरा शुक्ल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्राथमिक शिक्षा वर्ग का समापन हुआ। जिसमें शारीरिक, बौद्धिक एवं वैचारिक जानकारी दी गई। समापन समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के कार्यवाह सुरेश शुक्ल ने कहा कि संघ का एकमात्र काम विराट हिन्दू समाज को संगठित करना है। समाज को स्थिर और स्वावलंबी बनाना है, ताकि समय के साथ यह अपने परम वैभव को प्राप्त करे। कहा कि जो कोई भी व्यक्ति इस भारत भूमि को मातृभूमि मानता है और इसके प्रति सम्मान का भाव रखता है वह संघ के लिए स्वीकार्य है। भिन्न भिन्न पूजा पद्धति से जुड़े लोगों को भी यदि अपने पूर्वजों की हिन्दू संस्कृति का गर्व है (भले ही वह किसी भी मत या सम्प्रदाय में जन्मा हो) तो वह संघ से जुड़ सकता है। कहा कि जो प्रशिक्षण, जो योग्यता स्वयंसेवकों ने यहां पर अर्जित की है उसको अपने–अपने स्थान पर प्रकट करने का समय है और वह अधिकतम योग्यता से करना है। कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता का निर्माण होता है। यही कार्यकर्ता आगे चलकर अपने–अपने क्षेत्र में अग्रणी रहकर संगठन को शक्ति देते हैं। जिसके फलस्वरूप ही संघ आज विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। आज पूरा विश्व भारत की हिन्दू विचारधारा, यहां की संस्कृति, यहां के संयुक्त परिवार व्यवस्था को मानता है। शिक्षार्थियों ने वर्ग में दंड, नियुद्ध, समता, पदविन्यास, संचलन, सूर्य नमस्कार योग आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख मिथिलेश , प्रांत प्रचारक सुभाष , सह प्रांत प्रचारक अजय , विभाग प्रचारक अजय नारायण , जिला प्रचारक अखिलेश्वर का पाथेय प्राप्त हुआ। वर्ग के कार्यवाह दानवीर थे। इस दौरान प्रमुख रूप से सर्व व्यवस्था प्रमुख हरिओम मिश्र, जिला कार्यवाह वेद प्रकाश, जयराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 535 लोगों की हुई कोरोना की जांच

महराजगंज। कोरोना की जांच के लिए अधिकांश केंद्रों पर सन्नाटा रहा। सिर्फ 535 लोगों ने जांच कराई। जिला महिला अस्पताल सहित 14 स्थानों पर कोरोना की जांच के लिए शिविर लगाया गया। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी, लक्ष्मीपुर, नौतनवा, सिसवा, निचलौल, पर सन्नाटा रहा। यहां जांच कराने कोई नहीं पहुंचा। बृजमनगंज, घुघली, महराजगंज, पनियरा, परतावल, मिठौरा, फरेंदा में लोगों ने जांच कराई। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि 384 लोगों की एंटीजन से जांच की गई। आरटीपीसीआर के लिए 151 लोगों का नमूना भेजा गया है।

### एक और मरीज ने जीती कोरोना से जंग

महराजगंज। कोरोना को लेकर जिले के लिए राहत भरी खबर है। एक और मरीज ने कोरोना से जंग जीत ली है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जनपद में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 12434 है। इसमें 12290 मरीज ठीक हो चुके हैं। 140 की अब तक मौत हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय मरीजों की संख्या तीन है।

## प्रार्थना सभा में भीड़ देख ग्रामीणों ने किया हंगामा, पहुंची पुलिस

रुद्रपुर,देवरिया। कोतवाली क्षेत्र में भालीचौर चौराहा पर एक विद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा के दौरान भीड़ देखकर आसपास के ग्रामीणों का गुस्सा उबाल पर आ गया। ग्रामीणों ने धर्म परिवर्तन की आशंका में विरोध में बवाल किया। इसकी बीच किसी ने ईंट फेंक दिया। जिससे अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। उसके बाद विवाद शांत हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रत्येक . यहां भीड़ जुटती हैं। लोगों को उकसाया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि गोरखपुर के चौरीचौरा की रहने वाली एक महिला डेढ़ दशक से भालीचौर विद्यालय चलाती है। पिछले एक दशक से यहां पर प्रत्येक धर्म परिवर्तन कराने के लिए प्रार्थना कराई जाती है। जहां पर जनपद के अलावा अन्य जनपदों से लोग आते हैं। इनमें गोरखपुर, मऊ जनपद शामिल हैं। दोपहर ग्रामीण का विरोध देख प्रार्थना कर रहे लोग कोतवाली पहुंचे। पुलिस से ईंट पत्थर चलाने और मारने पीटने की शिकायत की। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो बिना प्रशासन की अनुमति के प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। पुलिस ने प्रार्थना कराने वालों को कड़ी चेतावनी दी कि अब बिना अनुमति के प्रार्थना सभा के लिए भीड़ जुटाई जाएगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रीना निषाद ,प्रभु निषाद,रीता शर्मा आदि मौजूद रहे। बिना अनुमति के एक विद्यालय पर प्रार्थना सभा कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था। वहां पर प्रार्थना सभा बिना प्रशासन की अनुमति के कराई जा रही थी। चेतावनी देकर लोगों को छोड़ दिया गया है। अगर दोबारा सूचना मिली तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। धर्म परिवर्तन की बात निराधार है। किसी की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

## फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी कर रहे दो शिक्षक बर्खास्त

महराजगंज। फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर प्राथमिक विद्यालय में नौकरी करने वाले जिले के दो शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। दोनों शिक्षक सदर व घुघली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय में तैनात थे। दोनों आरोपित शिक्षकों को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से तीन बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन वे न तो उपस्थित हुए और न ही उसका जवाब दिया। बीएसए ओमप्रकाश यादव ने बताया कि घुघली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हरपुर महंत में तैनात शिक्षक तबरेज के प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया है। एसटीएफ की जांच शुरू होने के बाद से आरोपित शिक्षक जुलाई 2020 से ही अनुपस्थित चल रहा था। सदर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय अगया पर तैनात शिक्षक वीरेंद्र प्रताप के भी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इसी नाम से मूल प्रमाणपत्र पर शिक्षक वीरेंद्र प्रताप देवरिया जनपद के महराजा अग्रसेन इंटर कालेज देवरिया में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। एसटीएफ की जांच रिपोर्ट पर दोनों को कार्यालय में उपस्थित होकर पक्ष रखने का अवसर दिया था लेकिन, उपस्थित नहीं हुए। अंतिम नोटिस की तिथि समाप्त होने की दशा में कार्रवाई करते हुए दोनों शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है।

### विद्यालयों में ताइक्वांडो टीम का होगा गठन

महराजगंज। महराजगंज डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन की बैठक परतावल में हुई। इस दौरान प्रशिक्षण केंद्र खोलने और जिले के विद्यालयों में ताइक्वांडो टीम का गठन करने पर सहमति बनी। अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष शरदेंदु कुमार पांडेय ने बताया कि बहुत ही जल्द परतावल ब्लाक में ताइक्वांडों प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। जिला सचिव अभिषेक कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि सभी ब्लाकों में स्थित विद्यालयों में ताइक्वांडो क्लब की शुरुआत की जाएगी और विद्यालयों की ताइक्वांडो टीम का गठन किया जाएगा, ताकि स्कूली खेलों में ताइक्वांडो खेल की टीम प्रतिभाग कर सके। इसी के साथ सभी ब्लाकों में स्थित सेंटरों में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## पड़ौली चौराहे पर अनियंत्रित कार ने एक को रौदा

### आधा दर्जन लोग घायल ई–रिक्सा और बाईक कोभी मारी ठोकर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। थाना क्षेत्र के गोला कौड़ीराम रोड़ स्थिति के बी राय एकेडमी पड़ौली चौराहा के सामने अनियंत्रित कार ने एक अधेड़ ब्यक्ति को रौद दिया जिसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। अगल बगल खड़ी इरिक्सा बाईक को ठोकर मारते हुए रुकी। मौके पर पहुची गोला पुलिस और सी ओ गोला सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र गोला दवा के लिए भेजा और मृतक को थाने पर ले गये। कार इसी थाना क्षेत्र के भरसी गांव की है। भरसी निवासी राम अनुज मिश्र की पुत्री बिमला तिवारी जिसकी शादी टाड़ा हुई है। यह



माफी चौराहे पर मकान बनवा कर रहती है। आज दिन मे दस बजे गोला इनकी छोटी बहन गीता, भाई राजेश मिश्रा और पुनिता शुक्ला इनकी अल्टो कार यूपी 53 बी यू 6170 से बार करने गई थी। का उनका ड्राइवर जितेन्द्र मिश्रा चला रहा था। बाजार करके अपराह्न 1.30गोला से अपने घर भरसी आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ड्राइवर कार को तिब्रगति से चला रहा था। जो अपना बैलेंस खो दिया और गाड़ी लहराने लगी पड़ौली चपर आते आते पहले ठोकर एक बाईक को मारा उसके बाद। ककरही निवासी छोटेलाल पुत्र झगरु उम्र 53 वर्ष अपनी पुत्री सलारपुर की लड़की का दाखिला पड़ौली चौराहा स्थित इंटर कालेज में कराने गये थे। उनको रौद दिया जो घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। परशुराम यादव, मोनू चौहान, पवनेश बाईक लेकर वहां खड़े थे उनको भी ठोकर मारा जो घायल है। मासुम अली और जाने आलम अपनी ईरिक्सा मे बैठ कर गोला की तरफ जा रहे थे। इस मे भी ठोकर मारा जो घायल है। कार में सवार गीता कोभी काफी चोट आई है। घायलों मे चार राजेश मिश्रा, बिमला तिवारी पुनिता और रिखई गोड़ को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस बारे में सी ओ गोला का कहना है कि एक्सिडेंट में मृत ब्यक्ति की पीएम करा कर अग्रीम कार्यवाही की जाएगी।

# गन्ना समितियों में सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेंला 21 सितम्बर से शुरू

## किसानों के भू–अभिलेख व खेतौनी फिडिंग 25 सितम्बर तक पूर्ण कराने के निर्देश

गोरखपुर। आज परिक्षेत्र गोरखपुर के समस्त जिला गन्ना अधिकारी, चीनी मिलों, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं समिति के सचिवों के साथ उप गन्ना आयुक्त गोरखपुर श्रीमती उषा पाल की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक में गन्ना कैलेण्डरिंग, सट्टा प्रदर्शन मेला, भू–अभिलेखों की फीडिंग, महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता एवं गन्ना किसानों की प्राप्त आपत्तियों के त्वरित निस्तारण के उपरान्त कम्प्यूटर में फिडिंग विषय पर समीक्षा की गई।

उप गन्ना आयुक्त गोरखपुर ने बताया की गन्ना उत्पादक कृषक नियमानुसार विधिक सदस्यता प्राप्त करने के उपरान्त ही गन्ना समितियों के माध्यम से चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति कर सकते है इसीलिए नये गन्ना किसानों को ऑनलाइन समिति सदस्यता प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गन्ना कैलेण्डरिंग के संदर्भ में विगत पेराई सत्र में आने वाली समस्याओं पर युक्तिसंगत प्रस्ताव पर गहनता से विचार किया गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रहे ग्राम स्तरीय सर्वे–सट्टा प्रदर्शन के दौरान सभी गन्ना पयवेक्षक अपने सर्किल के गन्ना किसानों की घोषणा पत्र भरवाने में सहायता करेंगे तथा शत–प्रतिशत घोषणा पत्र भी भरवायेंगे। यदि किसी कारण वस ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला के दौरान कोई गन्ना किसान घोषणा पत्र भरने से वंचित रह जाता है तो समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला में पूर्ण कराने की ब्यवस्था सुनिश्चित की जायेंगी। इस दौरान कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों का सर्वे सट्टा व बेसिक कोटा सही अन्य जानकारियों को किसानों तक पहुचाने के लिए गन्ना सर्वे सट्टा मेला का आयोजन 21 सितम्बर 2021 से शुरू होगा इस मेला के आयोजन का मूल उद्देश्य है किसानों की समस्याओं को एक ही जगह निस्तारित कराना। इसके लिए प्रत्येक सहकारी गन्न विकास समिति परिसर में मेला 05 अक्टूबर 2021 तक चलेगा। मेला में गन्ना किसानों की गन्ना सटटा संबंधी सभी प्रकार की शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित गन्ना पर्यवेक्षक के साथ चीनी मिल के कर्मचारी भी सहयोग करेंगें। जिन किसानों का सट्टा छूट गया है या गन्ना सर्वे गलत हो गया है अथवा नहीं हुआ है तथा वेसिक कोटा कम है परन्तु ज्यादा चढ़ गया है। इन गलतियों को किसान समिति परिसर में आयोजित मेला में सही करा सकते हैं। किसान अपने अभिलेखों से सर्वे का मिलान कर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं। इस मेले में जिन किसानों का आधार कार्ड या घोषणा पत्र नहीं जमा हो सका है, उसे भी जमा करने की सुविधा प्रदान की गयी है।

उप गन्ना आयुक्त गोरखपुर श्रीमती उषा पाल बताया कि गन्ना विभाग पेराई सत्र 2021–22 हेतु किसानों के सर्वे सट्टा के ऑकड़ों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में गोरखपुर के समस्त किसानों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए अपील है कि समिति स्तर पर गन्ना सर्वे सटटा मेला का आयोजन 21 सितम्बर से शुरू हो रहा है। इस मेला में किसानों के द्वारा दिये गये आपत्तियों के निस्तारण को शत्प्रतिशत कम्प्यूटर में फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों को मिशन शक्ति के अन्तर्गत आगामी शरदकालीन बुवाई में बड् चिप् विधि से शीडलिंग तैयार कराने और रोजगार मुहैया कराने का निर्देश परिक्षेत्र के समस्त जिला गन्ना अधिकारियों को दिया। उन्होने शरदकालीन बुवाई को ध्यान में रखते हुए पानी से अच्छादित प्लाटो के सन्दर्भ में एक कार्ययोजना बनाने का निर्देश जिला गन्ना अधिकारियों को दिया गया है जिससे आगामी बुवाई सत्र हेतु उसको अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके।

# महसी से नेवादा के लिए रवाना हुई सपा की पैदल यात्रा

● पूर्व सपा प्रत्याशी डॉ.राजेश तिवारी ने किया स्वागत

● कहा महंगाई के विरोध में पदयाता सरकार की नाकामी उजागर कर रही है

दैनिक बुद्ध का संदेश

महसी/बहराइच। समाजवादी पार्टी बहराइच के द्वारा अखिलेश संदेश पैदल यात्रा एवं जनसंपर्क अभियान तीसरे दिन महसी से रवाना हुई। जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्र ने रात्रि विश्राम के बाद अपने आवास से यात्रा को नेवादा के लिए रवाना किया। इस पदयात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने आगामी विधान सभा की तैयारी तेज कर दी है। इस क्रम में चार दिवसीय चरणबद्ध तरीके से अखिलेश संदेश पैदल यात्रा एवं जनसंपर्क अभियान जारी है। इसकी शुरुआत बौंडी स्थित घाघरा नदी तट के मेलारामघाट से 17 सितंबर को रामजानकी मंदिर से शुरू हुई थी। तृतीय दिवस की यात्रा महसी से प्रारम्भ होकर परसोहना पहुंची जहां युवजन सभा के ब्लॉक अध्यक्ष मनीष दीक्षित ने अपने साथियों के साथ यात्रा का स्वागत किया। उसके बाद बंजरिया से नौतला पहुंची जहाँ पर ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी झब्बूलाल अवस्थी ने स्वागत किया।उसके बाद यात्रा रामगांव पहुंची जहाँ पर पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश तिवारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत करते हुए यात्रा कर रहे सभी लोगों का माला पहनाकर सम्मान दिया और उत्साहवर्धन भी किया। रामगांव में चौपाल के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महसी के पूर्व प्रत्यशी डॉ.राजेश ने कहा किसान, मजदूर, व्यापारी, बुनकर, नौजवान सब परेशान है। जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है।युवा साथियों द्वारा पदयात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की विसफलताओं को आमजन के बीच में रखा जाएगा। करते हुए सेक्टर प्रभारी विशाल तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया है। कहा कि कोरोना के साथ संक्रामक बीमारियों की रोकथाम में भी सरकार विफल रही है। कारोना काल में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी। वहीं महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी ने लोगों की कमर तोड़ दी है। सूबे में अपराध का ग्राफ भी बढ़ा है। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। पिछली समाजवादी सरकार ने जो विकास किया था उसी काम का लोकार्पण किया जा रहा है। दिनेश लोधी ने कहा कि समाज के सभी जाति वर्ग के लोग सपा के साथ हैं और सपा ही केवल लोकतंत्र को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। इस दौरान में आमजन को जागरूक करने के साथ संगठित करने का काम किया जा रहा है।अंत मे कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विकासदीप वर्मा ने कहा कि यह यात्रा करना वर्तमान में भाजपा की क्रूर सरकार की महंगाई, बेरोजगारी, भ्र्ष्टाचार, महिला अपराध, ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिध्लाफ निकाली गई है। पैदल यात्रा के माध्यम से ही हम एक दूसरे से संवाद कर सकते हैं और एक दूसरे की पीड़ा समझ सकते हैं।सबसे आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए आह्वान किया। इस दौरान आकाश प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी ही है जो नौजवान, किसान सड़कों पर धरना प्रदर्शन कर रहा है। इस दौरान, सत्यम बाजपेई, मनीष दीक्षित, विनय लोधी, राम महेश यादव, राहुल अवस्थी, अखिलेश यादव, श्रीचंद लोधी, पप्पू अवस्थी, मनमोहन सिंह, ज्ञानेंद्र तिवारी, रवि तिवारी, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पलाश के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों में कोहराम

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुरध्सोनभद्र। सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के नेमना गांव में पलास के पेड़ से लटकता युवक का शव पाए जाने से सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार नेमना निवासी सिद्धनाथ 18 वर्ष पुत्र गोपाल दास रविवार की शाम घर से निकला था परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित पलास के पेड़ पर गमछे के सहारे उसका शव लटकता देख परिजन भौचक रह गए घर मे कोहराम मच गया आनन फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया व पंचनामा के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए दुद्धी सामुदायिक केंद्र भेज दिया।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने किया वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोनभद्र के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर संगठन द्वारा चलाये जा रहे सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत सलखन स्थित वृद्धाश्रम पर बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में ऊर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर पटेल उपस्तिथ रहे उर्जा मंत्री ने वृद्धाश्रम में रह रहे लगभग 80 बुजुर्गो का अंगवस्त्र देकर सम्मान किया व उनको फल वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पिछड़ा मोर्चा जनपद सोनभद्र के जिलाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने किया, कार्यक्रम में उनके साथ भाजपा जनपद सोनभद्र जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व ओबरा विधायक संजीव गौड़ रहे, उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का कुशलक्षेम पूछा तथा आश्रम द्वारा दी जा रही व्यवस्थाओ की जानकारी ली, कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा मोर्चा के जिलामहामंत्री मोहित पटेल ने किया कार्यक्रम में कृष्णमुरारी गुप्ता, रामसुंदर निषाद, सुरेश शुक्ल, सुखनंदन चौरसिया, उमेश पटेल, प्रदीप अग्रवाल, सुनील सिंह, रविन्द्र गुप्ता,विकास पटेल, नितेश चौरसिया, प्रदीप गिरी, विकास चौबे, जिलाजित यादव, उमेश गुप्ता, रोहित पटेल सहित भाजपा पिछड़ा मोर्चा जनपद सोनभद्र व भाजपा चोपन मण्डल के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।



# बनवासी सेवा आश्रम में दस दिवादीय अगरबत्ती प्रशिक्षण का समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर बनवासी सेवा आश्रम के विचित्रा महाकक्ष में सोमवार को खादी ग्रामोउधोग आयोग के सौजन्य से आयोजित दस दिवसीय पैडल अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण का समापन और प्रमाण पत्र वितरण आयोग के मंडलीय निदेशक वाराणसी डी एस भाटी और जेपी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस मौके पर भाटी ने कहा कि आज समाज मे परिवर्तन हो रहा है ऐसे में जिन परिस्थितियों को हम सब झेल रहे है उस स्थिति में घर के सभी सदस्यों को काम करना जरूरी हो गया है। अन्यथा परिवार चलना मुश्किल हो जा रहा है। कहा कि महिलाओ के आगे आने से समाज और देश मे परिवर्तन होगा और हम आगे बढ़ेंगे। कहा कि पैडल अगरबती निर्माण पूरक स्वरोजगार बन सकता है। उन्होंने सुगंधा और रेणु समूह को बधाई देते हुए कहा कि लोहारी, कुम्हारी, बांस आदि उधोगो के जरिये स्वरोगार मिल सकता है उसमें खादी ग्राम उधोग आयोग मदद करेगा। कहा कि वर्तमान सरकार लघु उधोग के जरिये लोगो को काम उपलब्ध करा रही है। शुभा प्रेम ने कहा कि समूह की महिलाएं अगरबत्ती निर्माण के साथ उसकी बिक्री पर भी ध्यान दे तो तय यह काम आगे बढ़ेगा। कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओ का स्वावलबन से सामाजिक आर्थिक बदलाव होगा। मौके पर लाल बहादुर सिंह विमल सिंह, केवला दुबे, लता सिंह, इंदुबाला सिंह, नीरा बहन आशीष राम बरन यादव, आदि उपस्थित रहे।



# सिलाई प्रशिक्षण एवं ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। रेनुकुट नगर के निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कंपनी के समीप कॉलोनी परिसर में सीएसआर द्वारा सोमवार को महिलाओं और बालिकाओं के लिए टेलरिंग और ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ किया गया। कंपनी के यूनिट हेड आरके रघुवंशी और मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे के दिशा निर्देशन में सीएसआर द्वारा प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की अध्यक्षा अंजलि रघुवंशी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण लेने पहुंची महिलाओं और बालिकाओं से कहा कि वह इस कोर्स को करके अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद कर सकती हैं और स्वावलंबी भी बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नहीं है और वह हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान कोरोना से बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतने की अपील उपस्थित लोगों से की, कहा कि प्रशिक्षण के दौरान वह कोविड–19 के टीके दोनों डोज आवश्य लगवा ले और प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान उन्होंने बचाव के लिए मास्क व सैनिटाइजर का भी प्रयोग अवश्य करें। सीएसआर विभाग की निवेदिता मुखर्जी ने कहा कि कंपनी द्वारा यह प्रशिक्षण कोर्स पहले से चलाया जाता रहा है कोरोना काल के दौरान यह बंद कर दिया गया था परंतु इसे अब एक बार फिर से शुरू किया गया है। उन्होंने प्रशिक्षण में आई महिलाओं से मन लगाकर प्रशिक्षण लेने और इसका उपयोग अपने घर व परिवार को बेहतर बनाने में करें। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं व बालिकाएं मौजूद रही।




# निम्नलिखित गाड़ियों का किया जायेगा निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी–कानपुर सेन्ट्रल खंड पर चौरा–पोखारायां–मलासा स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण हेतु नान–इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। निरस्तीकरण– अहमदाबाद से 24 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 09465 अहमदाबाद–दरभंगा साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। दरभंगा से 27 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 09466 दरभंगा–अहमदाबाद साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। झांसी से 28 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 01803 झांसी–लखनऊ जं. दैनिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।लखनऊ जं. से 28 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 01804 लखनऊ जं.–झांसी दैनिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। हैदराबाद से 24 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02575 हैदराबाद–गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 26 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02576 गोरखपुर–हैदराबाद साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 23 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05102 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा से 21 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05101 छपरा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 21 एवं 28 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02597 गोरखपुर–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 22 एवं 29 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02598 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। मार्ग परिवर्तन– लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 18, 20, 22, 25 एवं 27 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–लखनऊ जं. त्रैसाप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–आगरा कैंट–टुण्डला–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। यशवन्तपुर से 16 एवं 23 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05024 यशवन्तपुर–गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–ग्वालियर–भिंड–इटावा–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। गोरखपुर से 28 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05023 गोरखपुर–यशवन्तपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–इटावा–भिंड–ग्वालियर–झांसी के रास्ते चलायी जायेगी। पनवेल से 17, 18, 20, 21, 22, 24, 25 एवं 27 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05066 पनवेल–गोरखपुर सप्ताह में पांच दिन चलने वाली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–आगरा कैंट–टुण्डला–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। गोरखपुर से 28 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05065 गोरखपुर–पनवेल साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–टुण्डला–आगरा कैंट–झांसी के रास्ते चलायी जायेगी। लखनऊ जं. से 23 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 01408 लखनऊ जं.–पुणे साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–टुण्डला–आगरा कैंट–झांसी के रास्ते चलायी जायेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 23 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 01079 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–आगरा कैंट–टुण्डला–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। पुणे से 21 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02099 पुणे–लखनऊ जं. साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–ग्वालियर–भिंड–इटावा–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। लखनऊ जं. से 22 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02100 लखनऊ जं.–पुणे साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–इटावा–भिंड–ग्वालियर–झांसी के रास्ते चलायी जायेगी। बरौनी से 27 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02521 बरौनी–एर्नाकुलम साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–टुण्डला–आगरा कैंट–झांसी के रास्ते चलायी जायेगी। पुणे से 18 एवं 25 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05030 पुणे–गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–आगरा कैंट–टुण्डला–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। ग्वालियर से 19 से 28 सितम्बर, 2021 तक प्रस्थान करने वाली 04185 ग्वालियर–बरौनी दैनिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग ग्वालियर–इटावा–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। बरौनी से 18 से 27 सितम्बर, 2021 तक प्रस्थान करने वाली 04186 बरौनी–ग्वालियर दैनिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–इटावा–ग्वालियर के रास्ते चलायी जायेगी। यशवन्तपुर से 15 एवं 22 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 05016 यशवन्तपुर–गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग झांसी–आगरा कैंट–टुण्डला–कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। गोरखपुर से 19 सितम्बर, 2021 को प्रस्थान करने वाली 02576 गोरखपुर–हैदराबाद साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल–टुण्डला–आगरा कैंट–झांसी के रास्ते चलायी जायेगी।

# झाड़ियो में मिला संदिग्ध अवस्था मे नव युवक का शव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कोतवाली रावर्टसगंज के लोढ़ी क्षेत्र मे एक नव युवक की सन्दिग्ध अवस्था मे झाडियों के बीच लाश देख लोगों ने 112 नम्बर पर सुचना दी गई मौके पर राबर्ट्सगंज सीओ सदर एवं इस्पेक्टर अपनी टीम के साथ पहुंच कर मौका मुवायना करने लगे साथ ही क्राइम इस्पेक्टर भी मौके पर पहुंच गए।जैसे ही युवक के शव मिलने की खबर फैली शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी वहाँ मौजूद लोगों का कहना है कि यह हत्या का मामला लगता है। मृतक के पीठ वअन्य शरीर के हिस्से पर चोट के निशान है युवक के हत्या की आशंका जताई जारही है, युवक के पास से बाईक कि चाभी एव जेब से आधार कार्ड मिला जिससे उसकी पहचान बढौली निवासी सन्तोष 25वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार के रूप मे हुई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



# अनुज सिंह ने की मोदी के दीर्घायु की कामना साथ उन्हें बताया दशक का सबसे असफल प्रधानमंत्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस पर बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की साथ ही श्री सिंह ने मोदी के जन्मदिवस पर केंद्र सकार की असफलता का हवाला देते हुए कहा कि यह इस दशक की सबसे असफल सरकार रही है जिसके कुप्रबंधन से लाखों लोग की जाने गई बेतहाशा डीजल पेट्रोल के दामों में वृद्धि जो 100 पार कर चुकी घरेलू गैसों की आसमान छूती कीमतें जो हजार पहुंच रही हैं खाद्य पदार्थ कड़वा तेल मसाले आम जनता की पहुंच से दूर हो रही हैं किसान अपनी मांगों के लिए नौ महीने से आंदोलन पर है क्या यही जनता के प्रति समर्पण है रही बात युवाओं के बेरोजगारी दूर करने की तो एक तब रोजगार के लिए पदों की घोषणा करती है तो दूसरी तरफ सब कुछ ओ जाने के बाद इन्हें के लोग उसके निरस्त कराने का काम करते हैं यह युवाओं को भ्रमित कर रही है श्री सिंह ने कहा कि अब यह ज्यादा दिन जनता को गुमराह नहीं कर पाएंगे जनता सब जान चुकी है इसके साथ ही उन्होंने श्री मोदी के दीर्घायु की कामना की ।

## सर्वसाधारण को सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शाबान सिद्दीकी ,मखदूम आलम निवासी गोविंद बाग निकट पानी टंकी कस्बा व जिला बलरामपुर कहां हूं मेरा नाम मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नंबर जी/150 मे त्रुटि वस गौशआलम के नाम से बन गया था जो गलत है वर्तमान में मेरे आधार कार्ड मतदाता पहचान पत्र तथा विद्यालय में वास्तविक नाम शाबान सिद्दीकी पुत्र मखदूम आलम निवासी गोविंद बाग कस्बा व जनपद बलरामपुर है तथा भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

प्रार्थी

शाबान सिद्दीकी मखदूम आलम

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का सुजौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजन हुआ

## इस दौरान 17 महिलाओं की हुई नसबंदी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सुजौली/बहराइच। तहसील मोतीपुर के ब्लॉक मिहींपुरवा के कई क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत कारीकोट के ग्राम सभा सुजौली में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य रूप से जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 17 महिलाओं की नसबंदी की गई ,ओर महिलाओं को सकुशल 102 एम्बुलेंस ले द्वारा घर छोड़ा गया ओर इस दौरान एएनएम व आशाबहु मौजूद रही स्वास्थ्य मेले में कई डॉक्टर आए और मरीजों की जांच की। 139 महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण किया गया व ग्रामीणों की जांच की गई व आवश्यक दवा दी गयी ,इस दौरान मोतियाबिंद के मरीजों की भी जांच की गई इस दौरान डॉक्टर अनुराग वर्मा (सीएचसी अधीक्षक), डॉक्टर आर0 बी0 वर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर संदीप (आर0 बी0 एस0 के0) जे0 के0 चौबे (स्वास्थ्य अधिकारी) , डॉक्टर तौकीर अहमद (फार्मासिस्ट), अरविंद चौधरी (लैब टेक्नीशियन), डॉक्टर मंत देव निगम (सृजन)सीएचओ कमलेश,अंजुल आदि लोग सुजौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित रहे। और सभी ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय लोगों की जांच की। सीएचसी अधीक्षक ने कई अस्पतालों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य मेले का जायजा लिया और चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस बात विशेष रूप से आप लोग ध्यान रखिए। अगर किसी चीज की कोई जरूरत है कोई कमी है दवाई नहीं है तो हमें तुरंत खबर दीजिए। इस समय कोरोना काल के कारण इतनी महामारी जो फैली हुई है, उसे देखते हुए सीएचसी अधीक्षक ने कहा की वैक्सीनेशन अधिक से अधिक आप लोग करवाइए लोगों को जागरुक करि

# बाढ़ प्रभावितों को तत्काल मुआवजा दे सरकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में आयी बाढ़ आपदा से प्रभावितों को सरकार तत्काल प्रभाव से राहत अनुदान देना सुनिश्चित करें कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा की अगर शीघ्र ही सरकार जनपद के किसानों मजदूरों को बढ़ा राहत पैकेज नहीं उपलब्ध कराती है तो हमारी पार्टी इसके लिए सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगी श्री सिहं ने सरकार से किसानो के विधुत बिल के साथ किसानो के कर्जो को माफ करने की मांग की

# भाजपा से भगदड़ वर्तमान सरकार की असफलता का परिणाम है

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में समाजवादी पार्टी का विस्तार जिस तेजी से कुछ दिनों में हुआ है इससे तो यही लगता है कि एक बार फिर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के हिसाब से बहुत तेजी से आगे जा रही हैं जिसमें सभी जाति वर्ग के लोग स्वत भागे हुए आ रहे हैं यह भाजपा के प्रति अविश्वास है या सपा के प्रति लगाव यह तो बाद में पता चलेगा पर इतना तो निश्चित है कि अगर यही स्थिति चुनाव तक रही तो भाजपा केवल राम के ही सहारे रह जाएगी सच्चाई तो यही है कि सभी वर्गों के लोग इस बार समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं जिसमें ब्राह्मणों के साथ दलित समाज व पिछड़े समाज के लोग भी अच्छी संख्या में पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं इस क्रम में बसपा के पूर्व सांसद प्रत्याशी रहे बद्री प्रसाद चौधरी नगर पंचायत तुलसीपुर चेयरमैन कहकसा फिरोज पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत फिरोज पप्पू व सुरेंद्र गौतम का समाजवादी पार्टी में शामिल होना वर्तमान राजनीत कुछ और ही इशारा कर रही है एक के बाद एक भाजपा व खास कर बसपा के लोग लगातार समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं जो जिले के ही नहीं प्रदेश के राजनीत की भी दिशा बता रही है

# भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा ने काटा केक

सीतापुर। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71 वां जन्म दिवस बड़ी धूमधाम के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा की अध्यक्षता में भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा केक काटकर मनाया गया। जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि भारत को ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुप में मिला हैए जिसने विश्वपटल पर भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने रोजगार के नए आयाम खोलने का कार्य किया है। उनके ऐसा प्रधानमंत्री मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र ने कहा कि हमें गर्व है कि हमें नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में जो विकास किया है वह सराहनीय है। जन्मदिन के अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे ने कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया। जिसकी मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा उषा मौर्या रहीं। जिन्होंने सभी कार्यकारिणी सदस्यों को आने वाले चुनाव से संबंधित अपील करके सबका अभिनंदन किया। 71 महिलाओं को कोरोना वालेंटियर के रुप में सम्मानित किया।

कार्यकारिणी बैठक के दौरान क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, जिला प्रभारी रेखा अवस्थी, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा ने सभी उपस्थिति कार्यकारिणी पदाधिकारियों को अपील की कि भाजपा की नीतियों को हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाए। आने वाले चुनाव में भाजपा का झंडा फहराने की असीम कोशिश करें। जिला अध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे ने माल्यार्पण कर के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। संचालन शालिनी गुप्ता द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, जिला महामंत्री जया सिंह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, तरुण शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अमन विक्रम सिंह, विकास वर्मा, जिलामंत्री वैभव सिंह, कामेश शुक्ला, रामप्रताप सिंह, अंकुर तिवारी, शैलेंद्र शुक्ला, सीपी शुक्ला, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष युविका प्रसून गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रामपुर मथुरा अनामिका सिंह, मंडल अध्यक्ष मिश्रिख नीतू सिंह, महिला मोर्चा कार्यालय प्रभारी सलोनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण हो: सीडीओ

सीतापुर। जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार तहसील सदर में आज मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक.एक करके सुना एवं उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने जोर देकर कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी विभागाध्यक्ष कार्यवाही करते हुये शिकायतों को तय समय में निस्तारित करें जिससे वह डिफाल्टर न होने पाये। उन्होंने कहा कि समस्त विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लें कि शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण हो तथा शिकायतकर्ता अवश्य संतुष्ट होना चाहिए। शिकायतों के डिफाल्टर होने पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य की जाये एवं शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान दिव्यांग शिकायताकर्ता रूक्मेश जो गौरा अर्जुनपुर का निवासी है को मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही ट्राईसाइकिल भी वितरित की। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर महिला कल्याण विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, प्रोबेशन विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर शासन संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं पात्रों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पीके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा. राजीव दीक्षित, सीओ सिटी पियूष सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 66 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील लहरपुर में प्राप्त 75 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सिधौली में प्राप्त 74 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 50 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 17 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 45 प्रार्थना.पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, सीतापुर द्वारा सीएम को भेजा ज्ञापन

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सतनाम सिंह ने जिलाधिकारी के जरिये सीएम को भेजा। ज्ञापन पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा धान की खरीद इस वर्ष 1 नवम्बर से शासन द्वारा प्रस्तावित किये जाने की बात कही है। माह अक्टूबर से धान की खरीद चालू करायी जाए। जिससे समस्त किसान भाईयो को अपनी. अपनी फसल को बेचने में कोई दिक्कत न हो सकें। दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि बारिश के चलते फसलों का बहुत भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। जिसका मुआवजा हम किसानों को दिलाया जाए। इस मौके पर वीरेश कुमार शुक्ला, सतनाम सिंह, पवन कुमार बाजपेई, कौशल त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह आदि लोगों ने एक श्वर में कहा कि समस्याओं का निराकरण करके निजात दिलायी जाए।

# पति ने पत्नी की चाकुओं से गोदकर की लोमहर्षक हत्या

## पुलिस का दावा पति की मौत के बाद देवर से महिला ने की थी शादी

सीतापुर। जिले के रामकोट इलाके में शुक्रवार की देर रात नशे में धुत युवक ने अपनी पत्नी की चाकुओं से गोद कर निर्मम हत्या कर दी। वारदात अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला। घटना की जानकारी होते ही लोगों ने पुलिस को सूचना दी। खबर पाकर थाने की पुलिस सहित सीओ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल की। बताते हैं कि मृतका के पति की मौत हो चुकी है और अब वह अपने देवर के साथ पति. पत्नी के रूम में रहती थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि आरोपी को जल्द ही पकड़ कर जेल भेजा जाएगा। जिले के रामकोट इलाके के इंदरौली गांव निवासी अड़तीस वर्षीय सुमन के पति सेवक राम की करीब तीन साल पूर्व मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अपने तीन बच्चों के साथ रहती थी। इस बीच उसकी नजदीकियां उसके देवर शंकर से बढ़ गई थीं। पुलिस का दावा है कि सुमन व शंकर पति.पत्नी के रूप में रहते थे। शुक्रवार की रात आपराधिक प्रवृत्ति का शंकर शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। जहां किसी बात को लेकर उसकी सुमन से कहासुनी हो गई। बात बढने पर शंकर ने चाकू से महिला पर वार कर दिया। ताबड़तोड़ चाकुओं के प्रहार से सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना अंजाम देकर आरोपी भाग निकला। घर में बच्चे चीखने चिल्लाने लगे। यह सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, तब सुमन की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। खबर पाकर इंस्पेक्टर राजकुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। बाद में सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह भी पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर राजकुमार यादव का कहना है कि शंकर मृतका का देवर था लेकिन दोनों ने शादी कर ली थी। आरोपी को जल्द ही पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूटकर आया था आरोपी

महिला को चाकुओं से गोद कर मौत के घाट उतारने वाला आरोपी कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया था। वह चोरी के इल्जाम में जेल गया था। शराब का भी आदी था। सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। वह कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया था। उनका कहना है कि प्रथमदृष्टया यह घटना खाना बनाने के दौरान होना प्रतीत हो रही है। प्रकरण की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द ही पकड़ कर जेल भेजा जाएगा। आरोपी से पीडिघ्त थी मृतकाः कुछ जानकारों का कहना है कि मृतका आरोपी युवक से काफी परेशान थी। जिसके चलते वह कुछ दिनों से गांव के बाहर झोपड़ी डाल कर रहने लगी थी। मृतका की परेशानी का आलम यह थाए कि उसने पुलिस से भी आरोपी की शिकायत की थी। सूत्र बताते हैं कि आरोपी से परेशान होकर पीडिघ्ता ने पुलिस से भी इंसाफ की गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत को अनदेखा कर दिया। उसे पुलिस से शिकायत में उसने खुद की जान का खतरा होना भी बताया था। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि पुलिस ऐसी शिकायतों से इंकार कर रही है।

## नवागत थाना प्रभारी संदना का चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर किया स्वागत

संदना (सीतापुर)। थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ चोरों ने ग्राम सभा काकोरी को अपना निशाना बनाते हुए लाखों पर हाथ साफ कर दिया। संदना थाना क्षेत्र के काकोरी में बीती रात चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाया। जिसमें पहला घर रघुवीर पुत्र छब्बा का था। जहां रात करीब 1 बजे चोरों ने सेंध लगाकर एक सायकल और एक बकरा उठा ले गये। वहीं दूसरा घर रजनीश सिंह पुत्र जगदीश सिंह के घर में ताला तोड़कर लगभग 60000 के धातु के बर्तन व अन्य जरूरी सामान पर हाथ साफ कर थाना संदना की पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बीते कुछ दिनों से संदना थाना क्षेत्र में लूट, डकैती, चोरी जैसी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे में बढ़े अपराधों से नवागत थाना प्रभारी कैसे निपटेंगे यह अपने आप में एक चुनौती बना हुआ है। हाल फि लहाल काकोरी क्षेत्र के लोगों में हुई चोरी से भय का माहौल व्याप्त है।

# भाजपा की बी टीम ओवैसी और माया से सावधान रहे लोगः एडवोकेट आदर्श

हरदोई।युवा किसान, व्यापारी जागृति यात्रा के तहत आज शाहाबाद के बी बी खेडा में सभा को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट ने कहाभाजपा की बी टीम ओवैसी और माया से लोग सावधान रहें।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश को गुलाम बनाना चाहती है। प्रदेश सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी नियंत्रण करने और अपराध पर लगाम लगाने में योगी सरकार फेल साबित हुई है साथ ही वर्तमान में उत्तर प्रदेश में डेंगू से लगातार बच्चों की मृत्यु हो रही है यह भी निराशाजनक और चिंताजनक है। सरकार को अतिशीघ्र इस ओर ध्यान देना चाहिए। महंगाई से आज आम नागरिक कराह रहा है बीजेपी ने युवाओं को नौकरी नहीं दी और भाजपा सरकार किसान, गरीब,मजदूर,व्यापारी, बेरोजगार विरोधी है। भाजपा सरकार में हर वर्ग आम जनता त्राहि–त्राहि कर रही है योगी सरकार सपा सरकार के कामों का फीता काटकर अपनी सरकार चला रही है। उन्होंने कहा 2022 विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हर बूथ पर 21 युवा समाजवादी रक्षक तैनात किए जाएंगे। वर्तमान सरकार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनो के साथ भी भेदभाव कर रही है।सपा सरकार आते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के याद में उनके गांव के मुख्य मार्ग पर सपा मुख्य द्वार बनाने का भी काम करेगी।वर्तमान योगी सरकार ने घ्1 से घ्100 लोहिया संस्थान लखनऊ में किया है।प्रदेश में सबसे अधिक अल्पसंख्यकों, ब्राह्मणों के साथ अत्याचार हुआ है। श्री मिश्र ने कहा, 2 दिन की भारी बारिश के चलते किसानों की फसल का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है इसमें गन्ना किसानों के सामने संकट आ गया है। सरकार को जांच कराकर अतिशीघ्र किसानों को इसका मुआवजा देना चाहिए और साथ ही गौशालाओं की स्थिति को अतिशीघ्र सुधारा जाए। इस यात्रा में प्रमुख रूप से सपा जिला सचिव अभय शंकर मिश्र,विधानसभा अध्यक्ष नईम अंसारी, प्रबुद्ध सभा के जिला उपाध्यक्ष विजय पांडे एडवोकेट,राहुल वर्मा, मोहित,बबलू टेलर,नवीन सक्सेना, अयूब खान, परवेश सक्सेना सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हिंदी पखवाड़े में साहित्यकार सम्मान समारोह संपन्न

हरदोई।साहित्यिक संस्था मां आशा फाउण्डेशन द्वारा हिन्दी पखवारे में साहित्यकार सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र श्मधुरश व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी धनञ्जय मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन व माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संस्था द्वारा राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ कवि चन्द्र प्रकाश द्विवेदी श्मयंकश को जनपद के स्मृतिशेष कवि जयशंकर मिश्र स्मृति सम्मान से व युवाकवि अंकित काव्यांश को स्व गिरीश्वर मिश्र स्मृति सम्मान से माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि सुखसागर मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय मे हिंदी के संवर्धन हेतु ऐसे कार्यक्रमो की महती आवश्यकता है।विशिष्ट अतिथि धनन्जय मिश्र ने जनपद के स्मृतिशेष कवियों की स्मृतियों को कवियों के सम्मान की परंपरा को सराहते हुए इसे समय की जरूरत भी बताया।सम्मान समारोह के बाद आयोजित कवि गोष्ठी का शुभारंभ कवि धीरज श्रीवास्तव की वाणी वन्दना से हुआ।वरिष्ठ कवि मनीष मिश्र ने श्जागना तो पड़ेगा कभी न कभीश व पवन कश्यप ने श्एक पल बस ठहर लें चलो फिर चले।ख्वाब आंखों में भर ले चलो फिर चलेश्गीत पढ़कर समां बाँधा।गीतकार श्रवण मिश्रश्राहीश ने श्सिर्फ यादों का एक मंजर है,और दिन रात की कहानी हैश्गीत पढ़कर वाहवाही लूटी।अरविंद कुमार ने श्उम्मीदें खत्म होने के लिए पाली नहीं जातीश व धीरज श्रीवास्तव ने श्सवालों पर भी बातें हो,शिवालों पर भी बातें हो।मगर भूखे गरीबों के निवालों पर भी बाते होष्कविता पढ़ तालियां बटोरी।ओज कवि रणविजय सिंह मेंश्प्राण भी लूटा गए जो देश की सुरक्षा में,ऐसे शूर वीरों का बखान लिखता हूँ मैंष्रचना पढ़ देशभक्ति की अलख जगाई।अभिनव दीक्षित की श्जाग पाते अगर वक्त पर हम सभी,जागना तो पड़ेगा कभी न कभीष कविता सराही गई।वरिष्ठ कवि रामदेव बाजपेई नेश्पतंगों की तरह उड़ते नही है,किसी संकेत पर मुड़ते नही हैश्गजल पढ़ समा बाँधा।उत्तम शुक्ल,दीपांशु शुक्ल व हर्ष त्रिपाठी ने भी काव्यपाठ किया।कार्यक्रम का संचालन अखिल त्रिपाठी ने किया।संस्थाध्यक्ष अजीत शुक्ल ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।अध्यक्षता रविकांत त्रिपाठी जी ने की। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक श्याम जी मिश्र,पंकज अवस्थी,अध्यक्ष अजीत शुक्ल,विपिन त्रिपाठी, गीतेश दीक्षित,वैभव शुक्ल,गुंजन मिश्र,विजय मिश्र,ऋषि मिश्रा, भोलानाथ मिश्र आदि रहे।

## कन्या सुमंगला योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला प्रोबेशन अधिकारी किये गये सम्मानित

सीतापुर। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेज 3 के शुभारम्भ के अवसर पर 21 अगस्त को निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 02 लाख नवीन बालिकाओं का चयन कर लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उक्त लक्ष्य के सापेक्ष जनपद की जनसंख्या के अनुसार विभाजन कर सभी जनपदों के लक्ष्य का निर्धारण किया गया था। वांछित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार द्वारा 3 सप्ताह के सीमित समय में जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य से अधिक पात्र बालिकाओं के आवेदन पत्र की स्वीकृति की कार्यवाही करने पर प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास वी. हेकाली झिमोमी द्वारा प्रशस्ति पत्र जारी कर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के संचालन में उनके इस समर्पित प्रयास की प्रशंसा की है। भविष्य में भी उनके द्वारा इसी उत्साह से विभागीय योजनाओं का संचालन किया जायेगा।

## आर–पार की लड़ाई का मन बना चुके ग्रामीण, 90 दिन हुए धरने के

तम्बौर (सीतापुर)। ब्लाक बेहटा थाना तम्बौर तहसील लहरपुर पोस्ट समौदीडीह ग्राम इब्राहिमपुरावा में क्रमिक अनशन हड़ताल जारी है। क्रमिक अनशन हड़ताल का आज 23दिन है एवं धरने का आज 90 दिनों से ज्यादा हो गए हैं। इसी कारण ग्रामवासियों ने चिंता का विषय जताते हुए कहा यदि हमारी उक्त मांगे पूरी नहीं हुई तो मजबूरन हम लोग चौथी बार ज्ञापन देकर अनिश्चितकालीन अनशन हड़ताल जारी करेगें लेकिन अब लड़ाई आर–पार की होगी। चाहे गुलामी से मुक्त होने के लिए गांधी की तरह लड़ते.लड़ते जान क्यों ना देना पड़े। किसी भी समस्या का समाधान नहीं है गुंडे लोग वैसे ही गंदी गंदी गालियां देते हैं गुंडों का हौसला बढ़ता जा रहा है शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

# 14 इको गाड़ियों के सैलेंसर से कैटलिक कनवर्टर चोरी खोलने में पुलिस नाकाम

हरपालपुर/हरदोई। कस्बे के टैक्सी स्टैंड संचालक ने इको गाड़ियों की बुकिंग दिलवाने के नाम पर 14 इको गाड़ियों के सैलेंसर से कैटलिक कनवर्टर चोरी से निकाल लिये थे।इस मामले में टैक्सी स्टैंड संचालक समेत चार लोगों पर क्षेत्राधिकारी हरपालपुर के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। 21 दिन बीत जाने के बाद भी हरपालपुर पुलिस के आरोपियों तक हाथ नहीं पहुंच सके हैं।इस संदर्भ में वादी का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। हरपालपुर कस्बा निवासी फिरोज सिद्दीकी की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि कस्बे के ही टैक्सी स्टैंड संचालक गौरव द्विवेदी ने बुकिंग के नाम पर इको गाड़ियों को मंगवा कर अलग–अलग मालिकों की 14 गाड़ियों से साइलेंसर का करीब 80 हजार रुपये की कीमत का क्रैटलिक कनवर्टर चोरी से निकाल लिया।बीते 31 जुलाई को एक ही दिन में चार गाड़ियों को बारी–बारी से बुलाकर एक घंटे के अंतराल में उक्त महंगा पार्ट निकाल लिया।बाद में सभी गाड़ियों को मरीज की मौत हो जाने की बात बता कर बुकिंग कैंसिल होने का बहाना बनाकर गाड़ियों को वापस भेज दिया।इससे गाड़ी मालिकों को शक हुआ।इन सभी गाड़ियों में जब स्टार्टिंग की दिक्कत हुई। जिस पर गाड़ी मालिकों ने एजेंसी पर चेक कराया तो पता चला कि गाड़ी का उपरोक्त महँगा पार्ट गायब है।इस मामले में सभी गाड़ी मालिकों ने कोतवाली में तहरीर दी।

जब स्थानीय पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही न होने पर जिलाधिकारी समेत आला अधिकारियों से शिकायत की। जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी हरपालपुर ने मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए।सीओ के आदेश पर गाड़ी मालिक फिरोज सिद्दीकी की तहरीर पर टैक्सी स्टैंड संचालक गौरव द्विवेदी उसके भाई राम जी द्विवेदी व साथी अमित रामप्रताप के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई था। हरपालपुर पुलिस की निष्क्रियता के चलते कैटलिक कन्वर्टर चोरी करने वाले गिरोह तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच सके हैं। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। वैसे तो क्षेत्र में कई महीनों से यह गिरोह सक्रिय था।जब गिरोह ने एक बार में ही 14 गाड़ियों को अपना निशाना बनाया। उन्होंने अपनी गाड़ियों को चेक करवाया तो उससे महंगा पार्ट गायब निकला।फिरोज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया। लेकिन 21 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## बाइक को पिकप ने पीछे से मारी टक्कर, चार घायल एक सीतापुर रेफर

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां क्षेत्रान्तर्गत बिसवां दवा लेने आ रहे मोटरसाइकिल सबार को पीछे से आ रही पिकअप से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल पर सबार पति पत्नी व उनके दो बच्चे घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया। जिनमें पत्नी हारून को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफ र कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यामतपुर निवासी मो. अहमद अपनी पत्नी हारून व बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से बिसवां दवाई लेने आ रहे थे कि पीछे से आ रही पिकअप ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उन चारों को चोटें आ गयी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया। मगर हारून को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी की टोली ने रूपापुर शुगर मिल में कराया ब्वायलर पूजन

हरदोई।रूपापुर शुगर मिल में ब्वायलर पूजन गायत्री परिवार पिहानी के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर व उनकी टोली ने संपन्न कराया। पूजन वेद मंत्रों द्वारा एवं शास्त्रोक्तविधि से हवन के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर रूपा पुर शुगर मिल के सभी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को ब्वायलर पूजन की बधाई देते हुए शीघ्र ही चीनी मिल की मशीनों को तैयार करके पैराई सत्र को प्रारंभ करने की बात कही। पेराई सत्र की तैयारी के मद्देनजर रूपापुर चीनी मिल के द्वारा अपने बाह्य क्रय क्रेन्द्रों पर कांटे स्थापित किये जा रहे हैं। चीनी मिल में तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं तथा प्लान्ट एवं मशीनरी एवं उपकरणों का ट्रायल शुरू किया जा रहा है। मिल के ट्रायल खत्म होते ही गन्ना खरीद हेतु इन्डेन्ट जारी कर दिया जायेगा। ताकि कृषकगण आपूर्ति हेतु गन्ने की छिलाई तुरन्त प्रारंभ कर सके। इस अवसर पर गायत्री परिवार के पिहानी के प्रमुख ट्रस्टी श्री अतुल कपूर ने भक्तों से कहा कि गायत्री मंत्र को जगत की आत्मा माने गए साक्षात देवता सूर्य की उपासना के लिए सबसे सरल और फलदायी मंत्र माना गया है।इस मौके पर अनु शर्मा,राजूमिश्रा, निखिल गुप्ता, संजय सिंह ने संगीत मय माहौल बनाकर भक्तो को भावविभोर कर दिया।

# शक्ति केंद्रों पर चौपाल लगाकर भाजपाइयों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

हरदोई।भारतीय जनता पार्टी के विधायकों एवं पदाधिकारियो ने जिले में सभी शक्ति केंद्रों पर चौपाल लगाकर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। शक्ति केंद्रों पर योगी सरकार की चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में बताया गया कि हर वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार, प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी करने वाले बच्चों को निशुल्क कोचिंग व्यवस्था, प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जूते ड्रेस स्वेटर आदि खरीदने के लिए सीधे उनके खाते में भुगतान भेजने की व्यवस्था, बालिकाओं के लिए स्नातक तक निशुल्क शिक्षा,मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ निर्माण कार्य, मथुरा में कृष्ण उत्सव का आयोजन,बौद्ध सर्किट मेंश्रावस्ती कपिलवस्तु और कुशीनगर का विकास, मथुरा के आस पास के क्षेत्र को तीर्थ स्थल घोषित करना,अर्ध कुंभ मेले का शानदार आयोजन,जेवर में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण,मुफ्त कोरोना जांच,सौभाग्य योजना, मुस्लिम महिलाओं को बिना मेहरम के हज यात्रा, ग्रामीण आवासीय अभिलेख स्वामित्व योजना,सरकारी स्कूल कायाकल्प योजना, हर घर नल योजना जैसी अनेकों योजनाओं के बारे में जनता चौपाल में बखान किया। जिले के सभी शक्ति केंद्रों पर विधायक,सांसद,जिला कमेटी के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी,बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# पसीने की बदबू से पाना चाहते है निजात, अपनाये ये घरेलु उपाय



इंसान को किसी भी मौसम में  पसीना आना बहुत आम सी बात है लेकिन समस्या तब गंभीर हो जाती है जब पसीने के साथ बदबू आने लगे जाये। ऐसा होने पर आपके आसपास कोई बैठना नहीं चाहता और अगर कोई बैठ भी जाता है। ऐसे में शर्मिंदगी वाजिब है। अंडरआर्म्स की बदबू को हटाने के लिए आप नहा भी लेते हैं लेकिन इसके बावजूद कुछ ही देर बाद दोबारा से वो ही हाल हो जाता है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो यहां आप जान सकते हैं कि आखिर इसकी वजह क्या है और इससे कैसे निजात पाया जा सकता है।

पसीने से क्यों आती है बदबू – पसीने की बदबू पूरी तरह से हमारी हाइजीन हैबिट्स और खानपान पर निर्भर है। जब शरीर में पानी से ज्यादा कैफीन का इंटेक हो जाता है और आप रेग्युलर नहीं नहाते हैं तो ऐसी आदतें पसीने में बदबू की वजह बन जाती है।  स्किन एक्सपर्ट्स  के अनुसार पसीना एक नॉर्मल प्रक्रिया है जो वर्कआउट, स्ट्रेस या गर्मी की वजह से शरीर से बाहर आता है लेकिन जब स्किन पर इसके साथ बैक्टेरिया घुल जाते हैं तब ये बदबूदार हो जाते है। बता दें कि स्किन पर मौजूद डेड स्किन बैक्टीरिया पनपते की जगह होती हैं जिन्हें अगर रोजाना साफ नहीं किया गया तो इनमें से बदबू आने लगती है।

पसीने से छुटकारा पाने के लिए किन बातों का ध्यान रखें – –हेल्दी और बैलेंस्ड डायट को अपनी दिनचर्या में शामिल करे ढ्ढ –एंटीफंगल पाउडर का दिन में प्रयोग करें।   –भोजन में लहसुन और प्याज से कुछ दिनों के लिए दूरी बनाए।

–कॉटन कपड़े पहनें। –दिन में दो बार नहाए।   –कैफीन की जगह ग्रीन टी या हर्बल टी का सेवन करें।   –दिनभर में दो से तीन लीटर पानी पिएं।   घरेलू उपाय जिन्हें अपनाकर आप अंडरआर्म्स की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं –

1. बेकिंग सोडा – एक चम्मच बेकिंग सोडा को नींबू के रस में अच्छी तरह मिलाएं और इसे अंडरआर्म्स पर 15 मिनट लगाकर रखें। इसके बाद अच्छी तरह से नहां लें। पसीने की बदबू से राहत मिलेगी।

2. एप्पल साइडर विनेगर – एप्पल साइडर विनेगर को अगर नारियल तेल के साथ मिलाकर प्रभावित एरिया में लगाया जाए तो इसके इस्तेमाल से अंडरआर्म्स में होने वाले बैक्टीरिया खत्म होंगे और बदबू  खत्म हो जाएगी।

3.  नींबू – पसीने की बदबू से छुटकारा पाने के लिए नींबू का प्रयोग भी किया जा सकता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए नींबू को आधा काट कर 10 मिनट तक अंडरआर्म्स पर रगड़ें और धो लें। आप दिन भर बदबू से दूर रहेंगे।

4. एलोवेरा – थोड़ा सा एलोवेरा जेल लें और रात के समय अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं. इसे रातभर रहने दें और अगली सुबह पानी से धो लें. बदबू से राहत मिलेगी। 5.  फिटकरी – नहाने से पहले तीन चार मिनट तक फिटकरी को अंडरआर्म्स पर रगड़े और अच्छी तरह से धो लें। ऐसा करने पर अंडरआर्म्स से बदबू नहीं आएगी।

## जान्हवी कपूर की बोल्ड तस्वीरें आई सामने, इस खूबसूरत आउटफिट में लग रहीं बेहद ग्लैमरस

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की गिनती अब उन एक्ट्रेस में होती है जो अपने बोल्ड अंदाज से सबसो घायल कर देती हैं।



जाह्नवी कपूर) कि जिम तस्वीरें जमकर वायरल होती हैं। एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी जाह्नवीकाफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन  एक्ट्रेस अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियोज फैंस के बीच पोस्ट करती हैं। इसी बीच जाह्नवी के लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जाह्नवी ने क्रीम कलर की बेहद ही सीजलिंग वनपीस ड्रेस पहनी है, इस ड्रेस का नेक काफी डीप है, वहीं उनके बाल खुले हुए हैं। इस ड्रेस के साथ ही जाह्नवी ने बहुत ही प्यारी सी डायमंड ईयरिंग पहनी है। इन फोटोज में अदाकारा एक से बढ़कर कातिलाना पोज देते नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही सिद्धार्थ सेन गुप्ता के निर्देशन में बन रही फिल्म श्गुड लक जेरीश्य में नजर आने वाली हैं।  ये एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, फिल्म को आनंद एल राय प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा वो करण जौहर की फिल्म श्दोस्ताना 2श्य में भी नजर आने वाली हैं।




## अजय देवगन 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म का करेंगे निर्देशन




बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म भुजरू द प्राइड ऑफ इंडिया को लेकर चर्चा में हैं। ये अलग बात है कि फिल्म में अजय कोई खास कमाल नहीं कर पाए हैं। अब उनकी आगामी फिल्मों का फैंस इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि अजय 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। फिलहाल वह इस प्रोजेक्ट की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय 2024 में 400 करोड़ रुपये के बजट की फिल्म बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को लेकर चीजें अभी बिल्कुल शुरुआती स्टेज में हैं। यह प्रोजेक्ट कोरोना वायरस की महामारी और सिनेमाघरों के सुचारु रूप से चलने पर भी निर्भर करेगा। अजय काफी समय से इस प्रोजेक्ट के बारे में विचार कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट को लेकर लेखकों से बातचीत की है।

एक सूत्र ने कहा, इस समय फिल्म का अनुमानित बजट 400 करोड़ रुपये से अधिक है। यह बजट और भी बढ़ सकता है क्योंकि चीजों को अंतिम रूप देने में फिल्म की लागत बढ़ सकती है। फिल्म की पटकथा को तैयार करने में कई लेखकों की टीम जुड़ गई है। फिल्म में वीएफएक्स

का खास ध्यान रखा जाएगा। यह बिल्कुल एक पीरियड ड्रामा फिल्म नहीं होगी। सूत्र की मानें तो यह अजय की ड्रीम प्रोजेक्ट बताई जा रही है।

एक्टिंग के अलावा अजय ने निर्देशन भी अपनी किस्मत आजमाई है। वह फिलहाल अपनी फिल्म मेडे को लेकर लाइम लाइट में हैं। अजय इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और बोमन ईरानी भी दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स के सौजन्य से किया जा रहा है। फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। अजय के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म मैदान में दिखेंगे। इसमें वह एक फुटबॉल कोच की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा वह फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। उन्हें आरआरआर में भी देखा जा सकता है। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें आलिया भट्ट समेत साउथ स्टार राम चरण और जूनियर एनटीआर दिखेंगे। वह गंगूबाई काठियावाड़ी, कैथी और रेड 2 में भी अभिनय करते नजर आएंगे।

## बॉलीवुड के एक नए प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं अभिनेता करणवीर शर्मा



करणवीर शर्मा ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, इंडस्ट्री में अभी भी वह खुद को स्थापित करने में लगे हैं। टीवी जगत में भी उन्होंने अपने अभिनय का जौहर दिखाया है। स्टार प्लस पर आने वाले शो शौर्य और अनोखी की कहानी से इस अभिनेता ने घर–घर में अपनी पहचान बनाई थी। अब जानकारी सामने आ रही है कि बहुत जल्द वह बॉलीवुड के एक नए प्रोजेक्ट में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड के आगामी प्रोजेक्ट में करणवीर दमदार उपस्थिति दर्ज कराने वाले हैं। करणवीर ने खुलासा किया है कि उन्होंने कुछ दिनों पहले ही एक प्रसिद्ध निर्माता से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग लंबे समय तक चली और वह इस मीटिंग से खुश हैं।

करणवीर के इस खुलासे के बाद फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। फिलहाल इसको लेकर कयासों का बाजार गर्म हो गया है। उन्होंने कहा, इसको लेकर मैं खुश हूं कि मेरी मीटिंग अच्छी गई है। भगवान वास्तव में दयालु हैं और यह मेरा नया वेंचर मेरे लिए फिर से एक बड़ी बात होगी। मैं अभी इस संबंध में ज्यादा खुलासा करना नहीं चाहता। जैसे ही चीजें बताने लायक होंगी तो मैं अपने शुभचिंतकों और प्रशंसकों को अगले बड़े ब्रेक के बारे में बता दूंगा। उन्होंने अपने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन देने की बात कही है। फैंस कयास लगा रहे हैं कि शौर्य और अनोखी की कहानी का दूसरा सीजन आ सकता है। हालांकि, इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। करणवीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कई प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। करणवीर ने अभिनेत्री देबत्तमा साहा के साथ एक म्यूजिक वीडियो के लिए हाल मिलाया है। देबत्तमा शौर्य और अनोखी की कहानी में करणवीर की को–स्टार रह चुकी हैं। करणवीर को जिद और अजहर जैसी फिल्मों में अभिनय करते हुए देखा गया है। उन्होंने अभिनेत्री यामी गौतम के साथ अपनी फिल्म ए थर्सडे की शूटिंग भी हाल में पूरी की है।

# इन तरीकों से करें अपने मेटल फर्नीचर की सफाई, लंबे समय तक नहीं होगा खराब



कई लोग अपने गार्डन में मेटल फर्नीचर रखना पसंद करते हैं, लेकिन कुछ समय के बाद ही यह बरसात और धूल–मिट्टी के कारण खराब होने लगता है। अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपके गार्डन में रखें मेटल फर्नीचर को कोई नुकसान पहुंचे तो इसकी साफ–सफाई पर अतिरिक्त ध्यान दें। आइए आज हम आपको मेटल फर्नीचर को साफ करने के आसान तरीके बताते हैं, जो शायद आपके काम आ सकते हैं।

सिरके और पानी से तैयार करें क्लीनिंग सॉल्यूशनः आजकल बाजार में मेटल फर्नीचर के लिए कई तरह के क्लीनिंग सॉल्यूशन मौजूद हैं, लेकिन इनमें कई ऐसे कठोर केमिकल्स होते हैं, जिनसे फर्नीचर जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में आप चाहें तो अपने मेटल फर्नीचर के लिए सिरके और पानी से एक सुरक्षित क्लीनिंग सॉल्यूशन तैयार कर सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में सिरके और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस मिश्रण को एक साफ कपड़े पर छिड़कें और फिर इससे मेटल फर्नीचर साफ करें।

डिटर्जेंट का करें इस्तेमालः आप चाहें तो अपने मेटल फर्नीचर को साफ करने के लिए डिटर्जेंट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक स्प्रे बोतल को आधा पानी से भरकर इसमें एक चम्मच डिटर्जेंट पाउडर और एक चम्मच बेकिंग सोडा अच्छे से मिलाएं। अब मेटल फर्नीचर पर इस मिश्रण का छिड़काव अच्छे से करें, फिर कुछ मिनट के बाद फर्नीचर को माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछकर सूखा दें। इससे आपका फर्नीचर एकदम नया लगने लगेगा।

अल्कोहल या नींबू का रस आएगा कामः अगर आपके मेटल फर्नीचर पर किसी चीज के जिद्दी दाग लग गए हैं तो ऐसे में आप परेशान न होएं क्योंकि आप उसे आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए रुई पर थोड़ा सा अल्कोहल डालकर उससे फर्नीचर को साफ करें। इसके बाद फर्नीचर पर थोड़ा ब्लो ड्रायर फेर दें। वहीं, दाग अगर थोड़ा हल्का है तो उसे हटाने के लिए आप नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

जरूरी बातः लेबल के अनुसार करें फर्नीचर की देखभाल

अगर आपका मेटल फर्नीचर किसी तरह के लेबल के साथ आया है तो उस पर लिखे दिशा–निर्देश को अच्छे से पढ़ें क्योंकि उस पर लिखी जानकारी आपके फर्नीचर को लंबे समय तक के लिए नया जैसा बनाए रखने में काफी मददगार साबित हो सकता है। हालांकि, अगर आपके फर्नीचर पर कोई लेबल लगा हुआ नहीं आया है तो जहां से आपने उसे खरीदा है वहीं से फर्नीचर की देखभाल से संबंधित जानकारी जरूर लें।